राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा ने फैसला कर लिया, आईपीएल 2025 में इस टीम से खेलेंगे ...

युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को दी जन्मदिन की ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 145 | पटना, गुरुवार, 05 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 91,700 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम नीतीश ने शिक्षक दिवस पर राज्य के शिक्षकों को दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए राज्य के शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। शिक्षक समाज के मेरुदंड हैं। शिक्षकों को हर स्तर पर आदर एवं सम्मान मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि सभी शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। वे देश की भावी पीढ़ी को इस तरह तैयार करें कि उनके मन में देशप्रेम, भाईचारा और सद्भाव की भावना विकसित हो। उनके अंदर देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना विकसित हो और वे अपनी योग्यता, ज्ञान, विज्ञान एवं व्यक्तित्व के सहारे देश का नाम उज्ज्वल करें।

### राहुल ने पुनर्वास कार्यक्रम के लिए एक महीने का वेतन किया दान

वायनाड। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायनाड भूस्खलन के पीड़ितों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को अपना एक महीने का वेतन (2.3 लाख रुपये) दान किया है। पार्टी की प्रदेश इकाई ने बुधवार को यह जानकारी दी। केपीसीसी महासचिव एम. लीजू ने एक बयान में कहा कि गांधी ने घोषणा की थी कि पार्टी 30 जुलाई को हुए भीषण भूस्खलन में अपने प्रियजनों, घरों और आजीविका का साधन खोने वाले लोगों के लिए 100 घरों का निर्माण कर उन्हें प्रदान करेगी। गांधी की इसी घोषणा के तहत कांग्रेस की प्रदेश इकाई राशि जमा कर रही है जिसमें उन्होंने (गांधी ने) अपना एक महीने का वेतन दान किया है। बयान में कहा गया है कि धन जुटाने के कार्यक्रम के तहत स्टैंड विथ वायनाड-आईएनसी नाम से एक मोबाइल ऐप बनाया गया है।

**मुख्यमंत्री ने जेपी नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माणाधीन टर्मिनल का किया निरीक्षण**

# राज्य के किसी भी हिस्से से अधिकतम 200 किमी के अन्दर हवाई अड्डे की व्यवस्था हो : नीतीश

## सीएम ने की समीक्षा बैठक, निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिये निर्देश



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निमाणार्धीन टर्मिनल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को बचे हुये कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के विस्तारीकरण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के समीक्षा कक्ष में विस्तारीकरण कार्य से संबंधित एक समीक्षा बैठक हुयी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना एयरपोर्ट पर और बेहतर सुविधाओं के लिए विस्तारीकरण के तहत जो भी जरुरी कार्य हैं वो किये जा रहे हैं। पटना एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों के सुचारु आवागमन को लेकर विस्तारीकरण कार्य जल्द पूरा करें। राज्य सरकार से जो भी मदद की जरूरत होगी उसे पूरा किया जायेगा। हवाई अड्डा परिसर के पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था करें और हवाई अड्डा से कनेक्टिविटी को बेहतर बनायें ताकि कम से कम समय में लोग यहां पहुँच सकें। परियोजना के अन्तर्गत बन रहे टर्मिनल बिल्डिंग, मल्टीलेवल पार्किंग और पहुँच पथ आदि सभी हिस्सों का उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें।

राज्य के किसी भी हिस्से से अधिकतम 200 किमी के अन्दर हवाई अड्डे की व्यवस्था हो :

मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे पर आवागमन के दृष्टिकोण से पटेल चौक से हवाई अड्डे चौक के पथ की चौड़ीकरण एवं अंडरपास तथा पटेल चौक से इको पार्क तक नाले को पक्का कर फोरलेन रोड के निर्माण की योजनाओं पर शीघ्र काम करें। हवाई अड्डे को पटना मेट्रो परियोजना से भी जोड़े जाने की योजना बनाकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बिहटा हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार हेतु भू-अर्जन कार्य को तेजी से पूर्ण करने का हमने निर्देश दिया है ताकि इसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जा सके।

राज्य सरकार का यह प्रयास है कि राज्य के किसी भी हिस्से से अधिकतम 200 किमी के अन्दर हवाई अड्डे की व्यवस्था हो जाय ताकि आम जन को सहूलियत हो सके तथा राज्य के किसानों एवं उद्यमियों का उत्पाद देश के अन्य हिस्सों एवं विदेशों में सुगमतापूर्वक पहुँच सके। ज्ञातव्य है कि बिहार राज्य के सभी क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से वर्तमान में अवस्थित तीनों हवाई अड्डों यथा पटना, गया, दरभंगा का क्षमता विस्तार के साथ-साथ राज्य में नये हवाई अड्डे यथा पूर्णियाँ, रक्सौल, राजगीर एवं भागलपुर में चालू करने की योजना पर काम किया जा रहा है। पूर्णियाँ हवाई अड्डे को चालू कराने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन अर्जित कर ली है। 15 एकड़ जमीन का अर्जन किया जाना है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से यह अनुरोध किया गया कि इस जमीन को कब्जा में लेकर शीघ्र ही आवश्यक संरचना निर्माण कर पूर्णियाँ हवाई अड्डे को चालू कराया जाय। इसमें राज्य सरकार की ओर से हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से यह भी अनुरोध किया गया है कि राजगीर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा चिन्हित स्थल का फिजीबलिटी अध्ययन करा दिया जाय। रक्सौल के हवाई पट्टी के विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन की माँग की गयी है जिसके लिए जिला पदाधिकारी के स्तर से कार्य किया जा रहा है। साथ ही नये हवाई अड्डे के निर्माण हेतु अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

**ये रहें मौजूदः** निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप आर पुदकल कट्टी, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव निलेश रामचन्द्र देवरे, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुरेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य अगले पांच माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के मास्टरप्लान की विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन सुरेश कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि 1400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रहे एयरपोर्ट डेवलपमेंट परियोजना का निर्माण कार्य अगले पाँच माह के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान हवाई अड्डे में 05 जहाजों के पार्किंग की व्यवस्था है जिसे बढ़ाकर 11 किया जा रहा है। वर्तमान हवाई अड्डे की क्षमता 30 लाख यात्री प्रतिवर्ष है, जिसे बढ़ाकर लगभग 01 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष किया जा रहा है। यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान के लिए एरो ब्रिज बनाये जा रहे हैं। देश के अन्य आधुनिक एयरपोर्ट की भाँति पटना एयरपोर्ट टर्मिनल का विकास हो रहा है।

# ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी से देश के किसी भी बैंक और ब्रांच से मिलेगी पेंशन

## केंद्र सरकार ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को दे दी है मंजूरी

प्रात : किरण





नई दिल्ली/एजेंसी। कर्मचारी पेंशन योजना के पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को मंजूरी दे दी है। इससे ईपीएस पेंशनभोगियों को 1 जनवरी, 2025 से देश में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन मिलेगी। इसके तहत 78 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा होगा, जो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का हिस्सा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष ने कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के लिए केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने जारी बयान में कहा कि ईपीएस पेंशनभोगी 1 जनवरी, 2025 से भारत में कहीं भी, किसी भी बैंक और किसी भी शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) की स्वीकृति ईपीएफओ के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मंडाविया ने कहा कि पेंशनभोगियों को देश में कहीं भी किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन हासिल करने में सक्षम बनाने वाली ये पहल पेंशनभोगियों के सामने आने वाली लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करती है और एक निर्बाध और कुशल संवितरण तंत्र सुनिश्चित करती है। मंत्रालय के अनुसार पेंशनभोगियों को पेंशन शुरू होने के समय किसी भी सत्यापन के लिए बैंक के शाखा में जाने की भी जरूरत नहीं होगी। पेंशन जारी होने पर तुरंत जमा कर दी जाएगी। इसका अगले चरण में आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) में बदलाव होगा। इसके अलावा ईपीएफओ को उम्मीद है कि नई प्रणाली में जाने के बाद पेंशन वितरण में उल्लेखनीय लागत में कमी आएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को अपनी मंजूरी दी है, जो एक सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन और पारिवारिक पेंशन प्रदान करेगी। इस योजना से लगभग 23 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को लाभ होगा।

# पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदलः कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला

प्रात : किरण



पटना। नये डीजीपी आलोक राज के कार्यभार संभालने के बाद पुलिस महकमे में पहला फेरबदल हुआ है। 14 सीनियर आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया है। आईजी से लेकर एसपी स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है। बिहार सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक मुजफ्फरपुर क्षेत्र के आईजी के पद पर तैनात शिवदीप वामनराव लांडे का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें पूर्णिया का आईजी बनाकर भेजा गया है। लांडे के पास छपरा के डीआईजी का जिम्मा भी था, वहां भी नये डीआईजी की तैनाती की गयी है। सरकार ने मुजफ्फरपुर में अब डीआईजी की तैनाती की है। दरभंगा के डीआईजी बाबू राम को मुजफ्फरपुर का डीआईजी बनाया गया है। नीलेश कुमार को छपरा का डीआईजी बनाकर भेजा गया है। पूर्णिया में तैनात डीआईजी विकास कुमार को बेगूसराय में डीआईजी बनाकर भेजा गया है। इनके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे शालीन को बीएमपी का आईजी बनाया गया है। आईजी (हेडक्वार्टर) राकेश राठी की आईजी(ट्रेनिंग) के पद पर पोस्टिंग कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय में आईजी (ट्रेनिंग) के पद पर तैनात राजेश कुमार को दरभंगा का आईजी बनाकर भेजा गया है। सरकार ने वेटिंग फॉर पोस्टिंग पंकज कुमार राज को नागरिक सुरक्षा का एसपी बनाया है। स्पेशल ब्रांच के डीआईजी अभय कुमार लाल को सीआईडी के राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो का डीआईजी बनाया गया है। बेगूसराय के डीआईजी पद पर तैनात राशिद जमां को पुलिस हेडक्वार्टर में डीआईजी(प्रशासन) बनाया गया है। नागरिक सुरक्षा के पुलिस अधीक्षक विजय प्रसाद को एआईजी (प्रशिक्षण) बनाया गया है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को राष्ट्रीय स्वर्ण पुरस्कार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को पोषण ट्रैकर पहल के लिए ई-गवर्नेंस 2024 का राष्ट्रीय स्वर्ण पुरस्कार मिला है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि पोषण ट्रैकर पहल को यह पुरस्कार सरकारी प्रक्रिया की पुनर्रचना और डिजिटल बदलाव के लिए दिया गया है। यह पुरस्कार कल मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किये गये। एक अत्याधुनिक आईसीटी एप्लीकेशन पोषण ट्रैकर बच्चों के पोषण विकास की वास्तविक समय निगरानी और मूल्यांकन के साथ एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है। मिशन पोषण 2.0 विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बच्चे के विकास को पहचान में मदद करता है। ये मानक बच्चे के विकास को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोषण की स्थिति का आकलन करने में मदद करते हैं।

# अवैध खनन रोकने को लेकर सरकार सख्त, सीसीटीवी से होगी निगरानी

प्रात : किरण



पटना। राज्य सरकार बालू के अवैध खनन रोकने को लेकर सख्त है। खान एवं भूतत्व विभाग भी इस दिशा में लगातार कार्रवाई का रहा है। बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मीहिर कुमार सिंह विभाग से संबंधित उपलब्धियों को मीडिया से साझा किया। उन्होंने बताया कि बालू के अवैध खनन को रोकने तथा अवैध खनन करनेवालों पर सख्ती से कार्रवाई के लिए चेकपोस्ट पर भी सीसीटीवी लगाये जायेंगे। श्री सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3300 करोड़ करोड़ राजस्व संग्रह लक्ष्य के विरुद्ध 3114 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया। चालू वित्तीय वर्ष में अगस्त तक कुल 813 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया है, जो पिछले वर्ष में अगस्त माह की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 984 बालूघाट चिह्नित हैं। इनमें से 369 बालू घाटों की नीलामी की जा चुकी है। नीलामी किये गये बालू घाटों में से अब तब 237 बालू घाटों के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है, जिसमें 178 बालूघाटों के लिए सीटीओ मिला है। फिलहाल 152 बालू घाटों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि वृहत खनिज के 10 खनिज ब्लॉक बिहार को आवंटित किये गये थे। खान एवं खनिज अधिनियम के प्रावधान के तहत क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों की नीलामी केंद्र सरकार द्वारा ही किये जाने का प्रावधान है। इसमें सात खनिज ब्लॉकों की नीलामी केंद्र सरकार के स्तर से की जा रही है। प्रथम चरण में 2 ग्लूकोनाइट तथा 1 निकेल यानी कुल तीन खनिज ब्लॉक की नीलामी करायी गयी है। चयनित बीडर्स को विभाग द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति का आदेश निर्गत किया जा चुका है। श्री सिंह ने बताया कि वैध रूप से खनन एवं परिवहन सुनिश्चित किये जाने के लिए विभाग के स्तर पर एकीकृत कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की गयी है। सभी संचालित बालूघाटों के धर्मकांटा स्थल, वाहनों के आगमन एवं निकास प्वाईंट पर इंटरनेट युक्त कैमरे लगाये गये हैं, जो मुख्यालय के कंट्रोल एवं कमांड सेंटर के माध्यम से अवैध खनन एवं परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है। साथ ही बालू की ढुलाई करने वाले वाहनों के लिए रूट चिह्नित करने की भी कार्रवाई की जा रही है। इससे मीसिंग वाहनों को ढूंढ़ने में भी सहूलियत होगी तथा अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई भी हो सकेगी।



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना-800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

शिक्षक दिवस

(5 सितम्बर, 2024)

संदेश

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता, शिक्षक, समाज के श्रेष्ठतम प्रतिनिधि एवं महान व्यक्तित्व के धनी डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयन्ती के अवसर पर मैं अपना श्रद्धा-सुमन समर्पित करता हूँ।

राष्ट्र-निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। देश की सर्वश्रेष्ठ संपत्ति हमारे बच्चे हैं। उनमें सुसंस्कारों की नींव रखना तथा उनका सही मार्गदर्शन करना शिक्षकों का परम कर्त्तव्य है, ताकि वे सर्वसमर्थ और योग्य नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा कर सकें। विद्यार्थियों का भी कर्त्तव्य है कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक सुदृढ़ करें। शिक्षक को समाज के गुरू के रूप में देखा जाता है। हम सबका दायित्व बनता है कि उन्हें उचित मान, सम्मान तथा आदर प्रदान करें और कृतज्ञ रहें।

शिक्षकों के लिए यह अति महत्त्वपूर्ण है कि वे युवाओं में सत्य, सहृदयता और मानवता जैसे मूल्यों एवं आदर्शों का समावेश करें, ताकि वे वर्त्तमान जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। राज्य में उत्कृष्ट शिक्षा को मानव संसाधन के विकास का मेरूदण्ड मानते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बहुआयामी प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के इस पुनीत अवसर पर मैं राष्ट्र के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि वे गुरू-शिष्य की महान परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए उसे नई ऊँचाई प्रदान करें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 007515 (Education)D. 2024-25

बिहार सरकार

शिक्षक दिवस

5 सितम्बर, 2024

संदेश

देश के महान दार्शनिक, प्रख्यात शिक्षक, सत्य-कर्मयोगी और भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर हर वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा था कि-''शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। सिर्फ अच्छे भवन, महँगे उपकरण या सुविधाओं से स्कूल नहीं बनता, बल्कि एक अच्छे स्कूल को बनाने में शिक्षकों की निष्ठा और समर्पण ही निर्णायक साबित होते हैं।''

ज्ञानमूलक समाज के निर्माण के लिए हमारे शिक्षकों को सदैव तैयार रहना चाहिये। उन्हें बच्चों में विवेकसम्मत तर्क, विश्लेषणात्मक सोच, समस्याओं का समाधान करने की शक्ति विकसित करनी होगी। विद्यार्थियों में श्रेष्ठ ज्ञान को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका हमारे शिक्षकों की है, जिनके द्वारा सच्चरित्र, राष्ट्र-भक्त, वैज्ञानिक सोंच के धनी और मानवतावादी व्यक्तित्व के नागरिकों का निर्माण किया जाता है।

शिक्षा ज्ञान की आधारशिला है। बिहार हमेशा से बौद्धिक जागृति एवं प्रगतिशील सोंच की भूमि रही है। राज्य द्वारा बिहार को अपने पुरातन गौरव प्राप्त करने हेतु गुणात्मक सुधार एवं सकारात्मक परिवर्त्तन का प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के इस गौरवमयी अवसर पर मैं सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी शिक्षक अपनी शिक्षण-क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ताकि आने वाले समय में शिक्षित एवं विकसित बिहार बनाने का सपना पूरा हो सके।

(सुनील कुमार)
मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार

PR No.- 007514 (Education)D. 2024-25

# राजद नेताओं की अमर्यादित भाषा उनकी निराशा को उजागर करता है : श्रवण

## जातीय गणना नीतीश कुमार का आइडिया था : जयंत

● वित्त रहित स्कूलों के अनुदान का बकाया राशि जल्द भुगतान किया जाएगा : सुनील

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजद नेताओं की निम्न स्तरीय भाषा उनकी हताशा और निराशा को उजागर करता है। अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल की वजह से ही राजद का राजनीतिक ग्राफ लगातार नीचे गिर रहा है और आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राजद महज 10 सीटों के अंदर सिमट जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राजद की बैठक का कोई राजनीतिक असर नहीं होगा। बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है और राजद के हर खेल को बखूबी समझती है। श्री श्रवण कुमार ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष का नदारद रहना यह बताता है कि आम जनता के प्रति राजद कितना गंभीर है। मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज ने कहा कि बिहार में जातीय गणना कराना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आइडिया था। 15 वर्षों तक बिहार में राजद का शासन रहा लेकिन उन्होंने कभी इसकी पहल नहीं की और आज झूठा श्रेय लेने के लिए व्याकुल हो रहे हैं। श्री जयंत राज ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की आभार यात्रा से आम जनता को कोई लेनादेना नहीं है और न ही इसका कोई राजनीतिक फायदा राजद को होने वाला है। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि हमलोगों ने निर्णय लिया है कि वित्त रहित स्कूलों के अनुदान का बकाया राशि बहुत जल्द भुगतान किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर कहीं बाढ़ या भारी जलजमाव जैसी स्थिति उत्पन्न होती है तो संबंधित जिला अधिकारी विद्यालयों को तत्काल बंद करने का निर्णय ले सकते हैं, पटना सहित कई अन्य जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई स्कूलों को बंद भी किया गया है। डोमिसाइल नीति के संबंध में उन्होंने कहा कि फिलहाल इस नीति में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इससे पहले मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक सुधांशु शेखर, पूर्व सांसद चन्देश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह एवं पार्टी के वरीय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ विचारों का होगा आदान-प्रदान :तेजस्वी

### कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम की तैयारी हेतु नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश कार्यालय में की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूरी सभागार में में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम की तैयारी हेतु जिला अध्यक्ष, जिला प्रधान महासचिव, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक ,विधान पार्षद, पुर्व विधान पार्षद, पूर्व प्रत्याशी विधान सभा एवं पूर्व प्रत्याशी लोकसभा की संयुक्त बैठक राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई और कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर के जन्मभूमि समस्तीपुर से 10 सितंबर से कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जो 17 सितंबर तक चार जिलों के लिए कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं के साथ विचारों का आदान-प्रदान तथा संवाद होगा। इसमें सभी लोग जो पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं उनसे मुलाकात होगी और इस यात्रा में भीड़ नहीं बल्कि सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संगठन की मजबूती और विचारों का आदान-प्रदान होगा पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे बात करेंगे इसमें सभी प्रकोष्ठ के नेता सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। जिन विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं को कार्यक्रम के लिए बुलाया जाएगा उसी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता जो पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम है उसमें उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष से कहा कि कार्यकर्ता संवाद से पहले सभी जिला के नेताओं-कार्यकताओं का लिस्ट तैयार कर ले जिससे कि संवाद करने में सहायता मिल सके। संगठन के स्तर पर काम करने वाले नेता और कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ है, संवाद यात्रा कार्यक्रम का मकसद है कि पार्टी के कार्यकताओं से स्थानीय स्तर पर पार्टी के संगठन आमजन की समस्या तथा क्षेत्र की समस्या की जानकारी प्राप्त करके पार्टी के संगठन तथा आमजन के समस्याओं का निराकरण किया जा सके। आगे कहा कि हर वर्ग के साथ शोषित, वंचित तथा गरीबों के बीच जाकर उन्हें गले लगाने और सम्मान देने का काम करना होगा सबको मान सम्मान देने का भाव स्पष्ट रूप से दिखाना चाहिए। इस अवसर पर बैठक में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, राजद संसदीय दल के नेता अभय कुमार सिंह राज्यसभा सांसद संजय यादव, राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, भोला यादव, बीनू यादव, पूर्व उपसभापति डॉ रामचंद्र पूर्वे, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील सिंह, पूर्व सांसद डॉ रंजन प्रसाद यादव, विजय कृष्ण, डॉ महबूब अली कैसर, पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह, अनीता देवी, आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, डॉ रामानंद यादव, प्रोफेसर चंद्रशेखर, मो शाहनवाज आलम, ललित यादव, सुरेंद्र राम, कुमार सर्वजीत, मो एजाज अहमद, चितरंजन गगन, ऋषि मिश्रा, दीनानाथ सिंह यादव, मो महताब आलम सहित सभी विधायक, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, जिलाध्यक्ष, जिला प्रधान महासचिव सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार में जेल गए व्यक्ति को प्रदेश के विषय में बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : जायसवाल

### भाजपा अध्यक्ष ने पूछे सवाल, लालू प्रसाद क्या फिर से जातीय गणना कराएंगे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज राजद अध्यक्ष लालू यादव के आरक्षण को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में जो व्यक्ति दोषी होकर जेल गया हो उसे प्रदेश के विषय में बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि ऐसा इंसान समाज की दशा और दिशा तय करेगा तो समाज कहां जाएगा। पटना में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा उन्हें मालूम होना चाहिए कि बिहार में जातीय गणना हो चुकी है और सरकार ने उसी रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण भी दे दिया है। ये अलग बात है कि मामला कोर्ट में चला गया। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जातीय गणना हो चुकी है और पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लोगों ने इसका समर्थन भी कराया। उन्होंने कहा कि लालू यादव क्या फिर से जातीय गणना कराएंगे। डॉ. जायसवाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वे विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को नेता मानते ही नहीं है। वे लालू यादव के पुत्र है इसलिए नेता हैं वरना नौवीं पास व्यक्ति का क्या भविष्य होता है। तेजस्वी की प्रस्तावित यात्रा में उन्होंने कहा कि वे यात्रा पर जाएं या सिंगापुर जाएं, कोई फर्क नहीं पड़ता।

# झूठ के सहारे सत्ता हासिल करने का दिवा-स्वप्न देख रहे हैं तेजस्वी: उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष झूठ को हथियार बनाकर राजनीतिक वैतरणी पार करना चाहता है। सोची-समझी रणनीति के तहत तथ्यों के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी कर प्रदेश की जनता में भ्रम फैलाना विपक्ष का एकमात्र पेशा बन चुका है और जनता भी इस बात को बखूबी जानती और समझती है। श्री कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को झूठ बोलने में महारथ प्राप्त है। वे झूठ और दुष्प्रचार के सहारे ही बिहार की सत्ता हासिल करने का दिवा-स्वप्न देख रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जंगलराज की पीड़ा को लंबे समय तक झेला है, जिसका घाव आज भी ताजा है। तेजस्वी यादव फिर से बिहार में उसी जंगलराज की वापसी चाहते हैं परंतु श्री नीतीश कुमार के रहते ऐसा संभव नहीं होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में बिहार का विकास बेपटरी हो चुका था, राज्य में सत्ता संरक्षित अपराध और भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। 15 वर्षों तक बिहार की सत्ता में रहने के बावजूद भी राजद के पास बताने के लिए अपनी एक भी उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि 17 महीनों का लगातार राग अलापकर तेजस्वी यादव अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश में जुटें हुए हैं, जो कभी सफल नहीं होगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि बार-बार झूठ बोलने के कारण तेजस्वी यादव की राजनीतिक विश्वसनीयता पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले भी तेजस्वी यादव बिहार यात्रा पर निकले थे लेकिन चुनाव में उनकी पार्टी का क्या हश्र हुआ यह आज किसी से छिपा हुआ नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उनकी यात्रा से राजद को एक वोट का भी फायदा नहीं होगा।

# साइबर अपराध पर रोकथाम के लिए दृढ़ संकल्पित हैं मोदी सरकार : अरविन्द सिंह

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार ने निर्भया फंड के तहत महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम की एक योजना लागू की है। सीसीपीडब्ल्यूसी के तहत एक राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल शुरू किया गया है। जिसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान देने के साथ ही सभी प्रकार के साइबर अपराधों की रिपोर्ट की जायेगी। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 भी चालू कर दी गई है। देश के महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध पर रोकथाम के लिए मोदी सरकार दृढ़ संकल्पित है। इसीलिए सीसीपीडब्ल्यूसी योजना के तहत गृह मंत्रालय ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को 131.60 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है, इसके अलावा, केन्द्रीय एजेंसियों यानी एनसीआरबी, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और फोरेंसिक विज्ञान सेवा निदेशालय को 41.45 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि निर्भया फंड के अंतर्गत कुछ परियोजनाएं प्रौद्योगिकी संचालित हैं। पटना सहित 7 व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर वीडियो निगरानी प्रणालियों के साथ एकीकृत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। वाहन ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म के कार्यान्वयन के लिए बिहार सहित 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में निगरानी केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# मवेशी का रोजगार करने वाले की सुरक्षा की ठोस गारंटी करे सरकार: रविदास

### भाजपा-जदयू शासन में मवेशी का कारोबार करने वाले मुस्लिमों पर हमले बढ़े

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



माले विधायक गोपाल रविदास ने कहा है कि फुलवारी में 4 सितंबर की अहले सुबह जय श्री राम का नारा लगाते हुए बजरंग दल समर्थित गुंडों ने फुलवारीशरीफ टमटम पड़ाव चैक पर मजदूरों के साथ पहले मारपीट की और फिर उनकी 28 दुधारू गाय तथा गाय के 12 बच्चों को लूट कर भाग निकले। माले विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया, घायलों और थानाध्यक्ष से मुलाकात की। उनकी पहलकदमी से असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया है। विधायक ने कहा कि भाजपा-जदयू राज्य में बजरंग दल और भाजपा संरक्षित गुंडों का मनोबल लगातार बढ़ते जाना बेहद चिंताजनक है। यह उन्हीं की साजिशों का परिणाम है कि आए दिन दलितों-मुस्लिमों पर टारगेटेड हमले हो रहे हैं। दलितों के मुंह में पेशाब कर देने, बच्चियों से छेड़खानी व बलात्कार, मॉब लिंचिंग से लेकर अब मवेशी खरीद-बिक्री में लगे मुस्लिम समुदाय के मवेशियों को गो रक्षा के नाम पर लूट लेने की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। फुलवारी की उक्त घटना में शामिल गुंडों को बजरंग दल व भाजपा का राजनीतिक संरक्षण हासिल है। कहा कि आदमपुर, नौबतपुर (पटना जिला) निवासी इसराफिल आलम, पिता इसरार आलम बीती रात लगभग 2 बजे ट्रक से 28 दुधारू गायों तथा 12 बच्चों को मेले में बिक्री के लिए ले जा रहे थे। उनके पास खरीद-बिक्री का लायसेंस भी था। ट्रक जैसे ही फुलवारीशरीफ चैक पहुंचा, घात लगाये बैठे अपराधियों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए ट्रक पर रोड़ेबाजी और पथराव शुरू कर दिया। सवार और गाड़ी ड्राईवर ने किसी प्रकार अपनी जान बचाई। गाड़ी रुकने पर जय बजरंगवली का नारा लगाते हुए असामाजिक तत्व ट्रक को टमटम पड़ाव की तरफ ले गए और वहीं से सारे मवेशियों को लेकर भाग गए। ट्रक पर मौजूद दो मजदूर इसराईल एवं राजेंद्र को बुरी तरह जख्मी कर दिया। उनका मोबाइल व पैसा भी लूट लिया। मुहल्ला वासियों ने घायल मजदूरों की जान बचाई। मवेशी मालिक की तरफ से एक मुकदमा हुआ है। विधायक गोपाल रविदास ने राज्य सरकार से इस मामले में संलिप्त अपराधियों, सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने तथा बजरंग दल के कार्यकत्ताओं को तत्काल गिरफ्तार करे तथा मवेशी मालिक को सभी मवेशी लौटाने व घायलों का सरकारी स्तर पर इलाज कराने की व्यवस्था करे। साथ में उन्होंने कहा कि मवेशी का रोजगार करने वाले को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए ताकि भविष्य में दुबारा ऐसी घटना न घटे।

# राजद शासन का स्याह सच है जातीय नरसंहारों का अंतहीन सिलसिला : मंगल

### गाजर- मूली की तरह काटे गए दलित, पिछड़ा व अतिपिछड़ा



स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राजद व लालू परिवार एक बार फिर जातीय उन्माद की आंच पर राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए बेचैन हैं। चारा घोटाले के चार-चार मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद तथा बेनामी सम्पत्ति व रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित उनके परिवार के आधा दर्जन लोग आज बेल पर हैं। इस परिवार के लिए आरक्षण, संविधान, लोकतंत्र पर संकट का जुमला तथा जातीय गणना आदि भ्रष्टाचार के मामले में कानूनी शिकंजे से बाहर आने का एक हथकंडा मात्र है। श्री पांडेय ने पूछा है कि क्या लालू-राबड़ी शासन का यह स्याह सच नहीं है कि उनके कार्यकाल में जातीय नरसंहारों का अंतहीन सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था? क्या यह सच नहीं है कि आये दिन नरसंहारों से पूरा बिहार दहला-सहमा रहता था? क्या उस दौर में दलित, पिछड़े व अतिपिछड़े जहां गाजर-मूली की तरह काटे गए वहीं शोध-प्रतिशोध व घात-प्रतिघात में अगड़ी जातियों पर भी कहर नहीं टूटा? उन्होंने कहा कि क्या लालू-राबड़ी के शासनकाल की तल्ख सच्चाई कोसी क्षेत्र में जाति आधारित गैंगवार (1990-91), बारा नरसंहार (1992), इचरी नरसंहार(1993), छोटन शुक्ला-बृजबिहारी गैंगवार (1994), नाधी नरसंहार (1996), बथानी टोला नरसंहार (1996), लक्ष्मणपुर बाथे नरसंहार (1996), रामपुर चौरम नरसंहार(1998), उसरी बाजार नरसंहार (1999), भीमपुरा नरसंहार(1999), सेनारी नरसंहार (1999), शंकरबीघा नरसंहार (1999), अफसढ़ नरसंहार (2000), लखीसराय नरसंहार (2000),मियांपुर नरसंहार (2000) आदि नहीं है? श्री पांडेय ने कहा कि बथानी टोला (22 दलितों की हत्या), लक्ष्मणपुर बाथे (58 दलितों/ पिछड़ों की हत्या), शंकरबिगहा (22 दलितों की हत्या) तथा मियांपुर नरसंहार (35 दलितों की हत्या) लालू-राबड़ी शासन पर एक काला धब्बा नहीं है? लालू व तेजस्वी बताएं कि क्या बिहार की जनता इन नृशंस नरसंहारों के लिए उन्हें कभी माफ करेगी?

# तंजीम-ए-इन्साफ का राज्य सम्मेलन 21-22 दिसंबर को : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बिहार अल्पसंख्यक उपसमिति की बैठक पार्टी राज्य कार्यालय में गुलाम सरवर आजाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं तंजीम-ए-इन्साफ के कौमी सदर व पूर्व सांसद अजीज पाशा, राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय, राज्य सचिव मंडल सदस्य जब्बार आलम, राज्य कार्यकारिणी सदस्य इरफान अहमद फातमी आदि ने भाग लिया। बैठक में 15 सितम्बर को पटना में वक्फ बोर्ड से संबंधित नये संशोधन बिल के सभी कानूनी पहलुओं पर विचार करने के लिए पार्टी के वकीलों की एक बैठक आयोजित करने का फैसला लिया गया। उसके बाद वक्फ से जुड़े राजनीतिक और कानूनी सवालों को लेकर पार्टी के कायकर्त्ता जनता के बीच जायेंगे। 22 सितम्बर को ऑल इण्डिया तंजीम-ए-इन्साफ की जेनरल बॉडी की राज्य स्तरीय बैठक पटना में होगी। बैठक को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं तंजीम-ए-इन्साफ के कौमी सदर व पूर्व सांसद अजीज पाशा, संबोधित करेंगे। 02 अक्टूबर, 2024 को गांधी जयंती के अवसर वक्फ से जुड़े सवालों को लेकर पटना के कारगिल चौक से एक मार्च निकाला जायेगा। तंजीम-ए-इन्साफ का राज्य सम्मेलन 21-22 दिसंबर को सीवान जिला के बड़हरिया में होगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद अजीज पाशा ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। इस सरकार में कोई व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। सरकार साम्प्रदायिकता को बढ़वा दे रही है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कंकड़बाग में चलाया सदस्यता अभियान

पटना। पटना के कंकड़बाग के चित्रगुप्त नगर में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कल भाजपा सदस्यता अभियान चलाया गया। कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में चलाए गए इस सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत स्टाल लगा कर लोगों को नमो ऐप के माध्यम से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई गई। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वाती कुमारी सिन्हा द्वारा चलाए गए इस सदस्यता अभियान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भारती कुमारी पासवान उपस्थित रहीं। प्रदेश महामंत्री भारती कुमारी पासवान ने कहा की भाजपा सिर्फ.पार्टी नहीं परिवार है और इसका मूल उद्देश्य भाजपा की राष्ट्र प्रथम की विचारधारा का जनता के बीच विस्तार करना है। स्वाती कुमारी सिन्हा ने कहा की भाजपा के कार्यकर्ता सिर्फ.चुनाव में काम नहीं करते हैं, भाजपा की स्थापना काल के समय से ही भाजपा का उद्देश्य कभी राजनैतिक सुख हासिल करना नहीं रहा है बल्कि माँ भारती को परम-वैभव तक पहुँचाने के लिये संघर्ष करना रहा है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि इस सदस्यता अभियान के तहत अधिक से अधिक हर वर्ग और धर्म के लोगों को भाजपा का सदस्या बनाना। उन्होंने बताया कि भाजपा की प्राथमिक सदस्यता के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 जारी किया गया है।

### डा विष्णु किशोर झा बेचन की जयंती पर आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन

# इस शहर में अब लाश और गिद्ध है बाकी---

● डा रत्नेश्वर सिंह की तीन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




पटना। उठ गए हैं वो लोग, जो रहे कभी ज़िन्दा/ इस शहर में अब लाश और गिद्ध है बाकी,--सृजन है अधूरा तुम्हारे बिना/ मिलन है अधूरा तुम्हारे बिना----- । हृदय को छू लेने वाली इस तरह की पंक्तियाँ बुधवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के मंच से सुनने को मिली। सम्मेलन में गत १ सितम्बर से आयोजित हिन्दी पखवारा और पुस्तक चौदस मेला के चौथे दिन स्मृति-शेष साहित्यकार डा विष्णु किशोर झा बेचन की जयंती पर कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया था। वरिष्ठ कवि और सम्मेलन के उपाध्यक्ष मृत्युंजय मिश्र करुणेश ने बागवानों की पीड़ा की अभिव्यक्ति इन पंक्तियों में की कि - बाग फूला बहुत फला शायद/ बागवां तो मगर चला शायद/ वक़्ते-रूखसत वो कुछ न कहा पाया/ रूँध गया था लगा गला शायद। डा रत्नेश्वर सिंह ने अपनी भावना को ये शब्द दिए कि- सृजन है अधूरा तुम्हारे बिना/ मिलन है अधूरा तुम्हारे बिना/ मिटेगा ये कैसे जग का अंधेरा / जीवन है अधूरा तुम्हारे बिना। कवयित्री सुनीता रंजन ने श्रृंगार की ये पंक्तियाँ पढ़ी कि - आपसे यूं ही मिलती रहूँगी/ आशाओं की कलियाँ चुनती रहूँगी/ खिलते फूलों की मासूम पंखुड़ियाँ / चूम-चूमकर विहँसती रहूँगी। अपने अध्यक्षीय काव्य-पाठ में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने जीवन में आशाओं को जीवित रखने और सच के पक्ष में ज़िद ठानने का उपदेश देते हुए कहा कि तड़प है कि तलब है, कि ज़िद है बाकी/ यह दिल भी धड़कता है कि उम्मीद है बाकी। अगले शेर में उन्होंने आज की इंसानी फितरत की ओर इशारा करते हुए कहा कि - उठ गए हैं वो लोग जो रहे कभी ज़िन्दा/ इस शहर में अब लाश और गिद्ध है बाकी। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, डा सुषमा कुमारी, संध्या साक्षी, बाँके बिहारी साव, भास्कर त्रिपाठी आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरीं। चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना प्रस्तुत किया। इसके पूर्व जयंती पर सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष डा विष्णु किशोर झा बेचन का स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि बेचन जी का साहित्य भी उनके सुदर्शन व्यक्तित्व की भाँति प्रभावशाली और वंदनीय है। आलोचना-साहित्य को सरस बनाने में उनकी लेखनी ने चमत्कार उत्पन्न किया। बिहार लोक सेवा आयोग के अवकाश प्राप्त संयुक्त सचिव और डा बेचन के पुत्र डा मनोज कुमार झा ने अपने पिता के सारस्वत जीवन के विविध आयामों की चर्चा करते हुए, उन्हें एक आदर्श पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि बेचन जी साहित्यिक मंचों की शोभा थे। सभी बड़े कवि-सम्मेलनों के वे अनिवार्य हिस्सा हुआ करते थे। उनकी रचनाओं का संकलन अनेक खंडों में बेचन-समग्र के रूप में प्रकाशन भी किया जा रहा। इसके दो खंड प्रकाशित हो चुके हैं और दोनों का लोकार्पण साहित्य सम्मेलन में ही हुआ। इस अवसर पर कवि डा रत्नेश्वर सिंह की तीन पुस्तकों कल्पना के पंख, आध्यात्मिक और वर्तमान साहित्यिक परिदृश्य तथा संघर्ष का पर्याय शकुंतला तोमर का लोकार्पण भी किया गया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। पुस्तक मेले में आज भी पाठकों की भींड़ रही। पुस्तक-प्रेमियों ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और सम्मेलन के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की भी प्रचूर खरीद की। हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवियों और साहित्यकरों की ही नहीं, नयी पीढ़ी के कवियों की पुस्तकें भी मेले में बिक रही है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 24 को पटना में

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ज्योर्तिमठ, बद्रिकाश्रम के जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज 24 को अयोध्या से पटना आएंगे। यह जानकारी प्रेस वार्ता में यात्रा के संयोजक ब्रह्मचारी मुकुंदानंद ने पत्रकारों को दी। गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत गौ ध्वज स्थापना अभियान के लिए शंकराचार्य 22 को अयोध्या से भारत यात्रा पर निकल रहे हैं। इस कड़ी में लखनऊ के बाद उनका प्रवास 24 सितंबर को पटना में होगा। उनकी यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शंकराचार्य के प्रतिनिधि एवं यात्रा के संयोजक ब्रह्मचारी मुकुंदानंद बुधवार को पटना पहुंचे। 26 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में वे देश के 37 राज्यों की राजधानियों तक जाएंगे और वहां गौ ध्वज की स्थापना करेंगे। गौ ध्वज स्थापना की भारत यात्रा के बाद दिल्ली में गोपाष्टमी पर 7, 8 और 9 नवंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी गौ प्रतिष्ठा महासम्मेलन आयोजित होगा। यात्रा का उद्देश्य गाय को राज्य सूची से हटाकर केंद्रीय सूची में शामिल कराना है। शंकराचार्य के प्रतिनिधि ब्रह्मचारी मुकंदानंद ने बुधवार को पटना के अमर प्रेम भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले चिराग पासवान



आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान वर्तमान राजनीतिक बिंदुओं और 6 सितंबर को प्रस्तावित उनके बिहार दौरे को लेकर विस्तृत चर्चाएं हुई। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

# तेजस्वी यादव को एनडीए सरकार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए : मनोज

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने तेजस्वी यादव के आभार यात्रा पर नसीहत्त दी है। श्री शर्मा ने कहा कि तेजस्वी यादव को यदि आभार जताना है तो बिहार की नीतीश कुमार की एनडीए सरकार के प्रति आभार जताएं और केंद्र के भारतीय जनता पार्टी की सरकार के प्रति आभार व्यक्त करें। इसके पीछे वजह यह है कि जिस रास्ते से तेजस्वी यादव आभार यात्रा के लिए गुजरेंगे, नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, ग्रामीण सड़के होंगी है, जिसे एनडीए की सरकार ने बनाया। उसके लिए पहले वह केंद्र सरकार और नीतीश सरकार का आभार व्यक्त करें। तेजस्वी यादव वन वे कम्युनिकेशन में विश्वास रखते हैं जबकि, उन्हें दूसरे पक्ष के किए हुए काम को और दूसरे पक्ष के द्वारा कही गई बात को ध्यान से सुनना चाहिए। उन्हें अपनी यात्रा में एनडीए सरकार के विकास के कामों की सूची जारी करनी चाहिए। श्री शर्मा ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव जिस रास्ते और पुलों से आभार यात्रा के लिए निकलेंगे, तेजस्वी यादव क्या लोगों को बताएंगे की बिहार में केंद्र की सरकार ने कितने एनएच और एक्सप्रेसवे बनाए हैं और आगे कितने एक्सप्रेसवे बनने हैं ! तेजस्वी यादव क्या यह भी बताएंगे कि जिस पुल से वह आ रहे हैं, वो पुल एनडीए की सरकार की तरफ से बनाई गई है। तेजस्वी यादव मिथिलांचल से अपनी यात्रा शुरू कर रहे तो वो केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से बन रहे दरभंगा एम्स के लिए एनडीए सरकार को धन्यवाद दे सकते हैं। इसके अलावा पटना में चल रहे एम्स, पटना के सुपर स्पेशलिस्ट 5000 बेड़ों वाला पीएमसीएच, आईजीआईसी हृदय हॉस्पिटल के लिए भी तेजस्वी यादव अपना आभार सरकार के प्रति व्यक्त कर सकते हैं।श्री शर्मा ने कहा कि तेजस्वी यादव सिर्फ अपनी डफली बजाते हैं और अपना राग गाते हैं। तेजस्वी यादव का यह आभार यात्रा तभी सफल होगा जब वह एनडीए सरकार के किए हुए कामों को भी बताएंगे।

# लोकगीत संध्या का आयोजन आज



पटना। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की संस्था भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सहयोग से हॉरिजन सीरीज के तहत लोकगीत संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत अपनी प्रस्तुति देंगी। यह कार्यक्रम पटना के प्रेमचंद रंगशाला में 5 सितंबर को संध्या 6:00 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित करती है:

1. निविदा सूचना सं. : टी.सी.–125–2024–एस.पी.जे., कार्य का नाम : समस्तीपुर मंडल में (सम॰/सहरसा–02 एवं दरभंगा–01) 03 अदद एस्केलेटर के प्रावधान हेतु सिविल इंजीनियरिंग कार्य। निविदा लागत (रूपये में) : ₹1,05,19,002.64, बयाने की राशि (रूपये में) : ₹2,02,600/– कार्य की समाप्ति अवधि : 12 माह।
2. निविदा सूचना सं. : टी.सी.–126–2024–एस.पी.जे., कार्य का नाम : वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/ बापुधाम मोतीहारी के अधीन महवल स्टेशन (किमी॰ 119/3 – 199.21) पर लाईन संख्या 3 की सुरक्षा हेतु बौनी दीवार का प्रावधान। निविदा लागत (रूपये में) : ₹ 52,08,048.26,बयाने की राशि (रूपये में) : ₹1,04,200/– कार्य की समाप्ति अवधि : 06 माह।
3. निविदा सूचना सं. : टी.सी.–127–2024–एस.पी.जे., कार्य का नाम : वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/ सुगौली के अधीन कर्मचारी आवास के लिए विभिन्न सुविधाओं जैसे रूफ लिकेज, बोरवेल इत्यादि का प्रावधान। निविदा लागत (रूपये में) : ₹1,66,44,526.90, बयाने की राशि (रूपये में) : ₹2,33,200/– कार्य की समाप्ति अवधि : 12 माह।
4. निविदा सूचना सं. : टी.सी.–128–2024–एस.पी.जे., कार्य का नाम : मुजफ्फरपुर–सगौली डीएल योजना के अन्तर्गत पीपराहन–महवल खण्ड में नये लाईन का रखरखाव। निविदा लागत (रूपये में) : ₹64,55,758.57 बयाने की राशि (रूपये में) : ₹1,29,100/– कार्य की समाप्ति अवधि : 06 माह।

1. आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 24.09.2024 को 12.00 बजे तक। 2. ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 24.09.2024 को 12.00 बजे के बाद। 3. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाईट www.ireps.gov.in. उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/समन्वय / पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/01038/एसपीजे/यां/टी/24–25/64

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशिक्षण भवन में बीडीओ ने महत्त्वपूर्ण बैठक बुलाई

मधुबनी जयनगर प्रखंड के सभी के प्रधानाध्यापक और प्रभारी नए सामुदायिक प्रशिक्षण भवन में बीडीओ ने महत्त्वपूर्ण बैठक बुलाई। जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालय में किसी प्रकार की कोई समस्या के बारे में सभी प्रभारीयों से पूछा गया और बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने पूछा की स्कूलों में भवन एवं कमरों पेयजल की समस्या शौचालय तथा कमी जैसे मामले पूछे और कहा कि अन्य कोई भी समस्या हो तो हमें लिखित आवेदन देकर उसे पूरा करे किसी प्रकार की कोई लापरवाही नही होनी चाहिए। आगे बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में सभी छात्रो उपस्थिति के साथ शिक्षको की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें कतेय बर्दाश्त नहीं की जाएगा। स्कूल के समय में सभी पढ़ाई से संबंधित नियम और शर्ते लागू होने चाहिए जैसे मामले को गंभीरता पूर्वक संपन्न कराने की बात स्कूल प्रशासन से कहा।

### युवा समाजसेवियों ने पौधा भेंटकर सांसद के प्रति जताया आभार



दरभंगा। लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जनों युवाओं ने दरभंगा में किए जा रहे एतिहासिक विकास कार्यों के लिए सांसद डा गोपाल जी ठाकुर को पौधा भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके प्रति आभार प्रकट किया। युवा मंडली ने दरभंगा में एयरपोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने डीएमसीएच परिसर में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को धरातल पर मूर्त रूप देने, एम्स के सपने को साकार करने आईटी पार्क सहित अन्य ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए सांसद डा ठाकुर को साधुवाद देते हुए कहा की इन विकास कार्यों में सांसद के मेहनत और लगन तथा पहल एवं प्रयासों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर सांसद डा ठाकुर ने कहा की एक जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की सेवा करना उनका धर्म और कर्तव्य दोनो है जिसका वे निर्वहन कर रहे हैं। सांसद डा ठाकुर ने इन सभी कार्यों का सारा श्रेय देश के पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा बिहार के सीएम नीतीश कुमार को देते हुए कहा की एनडीए के नेतृत्व में यहां का विकास एक उदहारण बनेगा।

### भूमि सर्वेक्षण को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

कल्याणपुर, प्रखंड क्षेत्र के तीरा पंचायत जटमलपुर समाजसेवी उमेश चौधरी के आवास पर भूमि सर्वेक्षण को ले ग्रामीणों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चोधरी ने किया। संबोधित करते हुए भूमि सर्वेक्षण के अमीन दीपक कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित में कहा कि वंशावली स्वयं एफीडेविट कर ग्राम कचहरी सरपंच कार्यालय से बनवा लें। अपनी जमीनों का खाता खेसरा जिस जमीन की दाखिल खारिज नहीं हुई हो उसकी दाखिल खारिज करने की दिशा में कार्रवाई करें। कुछ किसानों ने कहा कि दाखिल खारिज का पोर्टल बंद होने को लेकर अंचल कार्यालय दौड़ते दौड़ते परेशान है। अन्य कई भूमि सर्वेक्षण को लेकर भूस्वामियों ने प्रश्न उत्तर किया। बौठक में विवेक रंजन सच्चिदानंद हरि चौधरी इश मोहम्मद जफीर सहित तीन दर्जन से अधिक किसान मौजूद थे।

### 20 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

विभूतिपुर /समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भुसवर वार्ड 2 स्थित एक ईंट-एस्बेस्टस निर्मित घर में पुलिस ने छापेमारी कर 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब की कुल मात्रा 7.5 लीटर है। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने घर से भागते एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। धंधेबाज गांव के हीं रामाश्रय महतो का पुत्र रोहित कुमार है। इसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में उन्होंने स्वयं के बयान पर कांड अंकित की है

# कृषि विश्वविद्यालय एवं ग्रेट मिशन कंसल्टेंसी के बीच हुआ समझौता

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, और ग्रेट मिशन कंसल्टेंसी के बीच जी आई टैग हासिल करने को लेकर एक समझौता ग्यापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते के तहत बिहार तथा देश के कृषि उत्पादों को जी आई टैग दिलाने के लिए सहयोग किया जाएगा। कुलपति डॉ. पी एस पांडेय की अध्यक्षता में कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार और प्रोफेसर गणेश कुमार ने समझौता ग्यापन पर हस्ताक्षर किया। कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि जी आई टैग हासिल करने से बिहार तथा देश भर के किसान को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पहले जीआई टैगिंग के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ती थी। अब विश्वविद्यालय में आसानी से किसी भी विशिष्ट उत्पाद के जीआई टैगिंग के लिए आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जी आई टैगिंग के बाद भी उन विशिष्ट उत्पादों के मार्केटिंग और निर्यात में विश्वविद्यालय सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि भारत में दस हजार से अधिक जीआई टैगिंग की क्षमता है लेकिन जागरूकता की कमी और आवेदन तथा रजिस्ट्रेशन न कर पाने के कारण हम पीछे है।

उन्होंने कहा कि जी आई टैगिंग को लेकर पूरे विश्व में प्रतिस्पर्धा है और भारत को भी इसमें बढ चढ कर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जी आई टैगिंग से किसानों को उनके विशिष्ट उत्पाद का बेहतर दाम मिलेगा और देश को भी विदेशी मुद्रा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय ने एक स्ट्रेटेजि डाक्यूमेंट तैयार किया है जिससे कि बिहार के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी और इसके माध्यम से किसानों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक नया मंच मिलेगा। कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए एक नए द्वार को खोलने जैसा है। उन्होंने कहा कि बिहार के उत्पादों को जी आई टैग दिलाने से किसानों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक नया अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में बोलते हुए सहायक प्राध्यापक डॉ मोहित कुमार ने कहा कि अब किसानों तथा अन्य हितधारकों को को एक ही जगह से जी आई टैगिंग को लेकर सारे कार्य संपन्न हो जायेंगे। ग्रेट मिशन के डायरेक्टर प्रोफेसर गणेश कुमार ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जी आई टैग हासिल करने से बिहार और देश के उत्पादों को कम समय में और आसानी से जी आई टैगिंग मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान एग्री बिजनेस के कार्डिनेटर डॉ रामदत्त, सूचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत अन्य शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## भाजपा सदस्यता अभियान में रचेगा इतिहास : दीपक

**कार्यक्रम में प्रदेश सह प्रभारी, सांसद, जिले के सभी विधायक एवं वरिष्ठ कार्यक्रर्तागण भाग लिया**




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। भाजपा जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी एवं मंच मोर्चा, मंडल अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान की शुरूआत शास्त्री चौक पर एक होटल में हुआ इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेशमहमंत्री ललन मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह के समक्ष जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी सदस्यता अभियान की शुरूआत की जिसमें जिला के सांसद, सभी विधायक एवं वरिष्ठ कार्यक्रतागण भाग लिए और सैकड़ों वरिष्ठ लोगों को सदस्यता दिलाई। बिहार सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने कहा कि आज से सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी और अपने गंतव्य की ओर रफ्तार से जायेगी।1500 सौ से अधिक राजनीति दल में कोई एक दल भी नही है केवल भाजपा अनूठी पार्टी है जो विश्वास के साथ खुलेपन के साथ प्रत्येक 6 वर्षो में सदस्यता अभियान पारदर्शी तरीके से करता है ये बात कार्यकर्ता को समझना होगा संगठन सर्वोपरि है संगठन प्रथम है इससे ऊपर कोई नही है।पार्टी को आगे बढ़ाने का हमलोग को प्रयास करना है इसके लिए सदस्यता अभियान को प्रथम रखा गया है।सभी को पार्टी से जोड़े छोटे बड़े स्थान पर कार्यशाला होगा।सभी को सगठन से जोड़े।आपका जोश एवम प्रधानमंत्री पर विश्वास एवम भाजपा पर आस्था के विश्वास के साथ कह रहा हु कि 10 करोड़ के लक्ष्य आपके प्रयास से पूरा होगा।आप के वचन लेकर जाता हु आप बिहार ही नहीं भारत में अब्बल हो। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा भाजपा पहली ऐसी पार्टी है जो संविधान के अनुसार चल रही है।6 वर्ष बाद सदस्य होने के बाद भी नवीनिकरण करना होता है।100 प्राथमिक सदस्य बनाने वाला कार्यकर्ता ही सक्रिय सदस्य बनेंगे ओर पार्टी के पद प्राप्त करेंगे।हमारे यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई है हमारे यहां कार्यकर्ता विचार धारा की वाहक है कार्यकर्ता कार्यसंस्कृति का पोषक है कार्यकर्ता सरकार एवम संगठन के बीच में कड़ी का कार्य करता है। नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा ये संगठन ऐसे ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा संगठन है ऐसे बहुत कार्यकर्ता है जिसका आप नाम भी नहीं जानते और जिनका कई पीढ़ी इस दल में खत्म हो गए उनके प्रयास का प्रतिफल है।दिवाल पर जो प्रिंट किए आज दिल पर प्रिंट हो चुका है।हमारे लिए सदस्यता एक कर्मकांड का हिस्सा नहीं बल्कि परिवार का विस्तार है।अपने परिवार को बढ़ाए। विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा ये सदस्यता अभियान केवल आंकड़े का खेल नहीं वैचारिक एवम भावनात्मक का खेल होना चाहिए क्योंकि हमारी भावना देश प्रेम से जुड़ा हुआ है।

कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, संजय कुमार सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह, डॉ मृदुल शुक्ला, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, अर्जुन सहनी, सुजीत मल्लिक, विजय चौधरी आदि ने सम्बोधित किया।

## माले के राज्य कमिटी सदस्यों का हुआ स्वागत




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी भाकपा-माले के जिला कार्यालय में मालेनगर लोकल कमिटी के कार्यकर्ताओ द्धारा भाकपा-माले के घोसी विधानसभा से माले विधायक सह माले के राज्य कमिटी सदस्य कामरेड रामबली सिंह पार्टी नेता कामरेड संजय कुमार एवं पार्टी के मधुबनी जिला सचिव कामरेड ध्रुब नारायण कर्ण का सामूहिक रूप से स्वागत किया गया साथ ही लोकल कमिटी सचिव कामरेड बिसंभर कामत ने पाग माला एवं लाल गमछा पहनाकर लोकल कमिटी की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर भाकपा माले जिला स्थायी समिती सदस्य सह बेनीपट्टी प्रखंड माले सचिव एवं खेग्रा मस के राज्य कार्यकारणी सदस्य कामरेड श्याम पंडित श्रवण राम सज्जन सदाय बीरेंद्र पासवान अरबिंद पासवान मोहम्मद ईमरान दुर्गेस कामत जग्गरनाथ साह राम पासवान मोहम्मद जाबीर शैनी साह प्रमोद मल्मिक मोहम्मद रब्बानी सोनू पासवान योगी पासवान, नजराना खातून, लक्ष्मी देवी, धनीक लाल पासवान राम नारायण ठाकुर सहित तीन दर्जन पार्टी कार्यकताओं ने इसमें भाग लिया। माले विधायक कामरेड रामबली सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओ को पार्टी द्धारा सड़क से लेकर विधानसभा तक चलाये जा रहे संघर्षो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि गरीबों को हजारों हजार की संख्या में गोलबंद होकर अपने अधिकारों खासकर भूमि अधिकारों के लिए संघर्ष करने से ही सरकार और प्रशासन को सोचना पड़ता है और काम भी करना परता है जिसमें पार्टी संगठन की भूमिका और कार्यकताओं की भूमिका सबसे अहम होती हैं। इसलिए हमें आंदोलनात्मक काम करने के साथ साथ पार्टी संगठन के निर्माणसुद्दढ़ीकरण और कार्यकर्ता निर्माण पर सर्वाधिक जोर पर देना चाहिए।

## देवघर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस की पूर्व समारोह आयोजित




प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर /समस्तीपुर प्रखंड के कल्याणपुर दक्षिण बिशनपुर शिशबन्नी स्थित देवघर पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या समारोह आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गुरु की महिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने किया। स्वागत भाषण प्राचार्य कामिनी झा ने देते हुए अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक कुशेश्वर पंडित ने की। समारोह को अवकाश प्राप्त शिक्षक मदन मोहन पाठक, शिक्षक सुशांत पांडेय, हरिशंकर झा, अर्णव झा, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रवीण कुमार, सुभाष राय, दिलीप झा, डोली कुमारी, निर्मल कुमार आदि ने संबोधित करते हुए शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला। रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिवेश रंजन, प्रत्यूष रंजन, वैष्णवी, तान्या, सृजन, रुपेश, अर्णव, आयुषी, श्रेया, तेजस, संगम, रूषिका, स्मृति, लवजीत, छवि, शिरिष, निष्ठा आदि की भूमिका सराहनीय रही। मौके पर शिक्षकों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावक छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## लगातार फजीहत व डीएम के द्वारा वेतन पर रोक के बाद सिविल सर्जन ने आरोपी कर्मी को किया निलंबित

**डीएम के आदेश के तीन महीने बाद सिविल सर्जन ने की कार्रवाई**

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सेवानिवृत सरकारी सेवकों के संविदा पर नियोजन व संविदा विस्तार के लिए गलत प्रस्ताव तैयार कर भेजने के मामले में संलिप्त आरोपी कर्मी के निलंबन व उसके विरुद्ध प्रपत्र ह्रकह्न गठित करने के डीएम के आदेश के तीन महीनों के बाद आखिरकार सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने आरोपी कर्मी को निलंबित कर दिया है। सिविल सर्जन ने यह कार्रवाई लगातार हो रही फजीहत व डीएम के द्वारा वेतन पर रोक लगाने के बाद की है। सिविल सर्जन कार्यालय के दो सितंबर 2024 के ज्ञापांक 3187 में सिविल सर्जन ने आदेश देते हुए कहा है कि संविदा विस्तार मामले में गलत प्रस्ताव तैयार करने के आरोपी कर्मी अभिषेक कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही जिसका अभी निर्णय होना बाकी है। इसलिए डीएम के 28 मई 2024 के पत्रांक 705/ स्था. के द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में विभागीय निदेर्शों की अवहेलना करते हुए समस्तीपुर जिलान्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में सेवा निवृत्त कर्मियों के संविदा नियोजन व संविदा विस्तार हेतु प्रस्ताव तैयार करने में संलिप्तता के आरोप में अधोहस्ताक्षरी बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सिविल सर्जन कार्यालय के उच्च वर्गीय लिपिक अभिषेक कुमार को तत्कालिक प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके साथ ही इस आदेश के प्रभावी रहने की अवधि में उनका मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पूसा किया गया है और उन्हें अधोहस्ताक्षरी के बिना पूवार्नुमति प्राप्त किए मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है। सिविल सर्जन कार्यालय के दो सितंबर 2024 के ज्ञापांक 3186 के अनुसार सिविल सर्जन ने विभागीय निदेर्शों की अवहेलना करते हुए समस्तीपुर जिलान्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में सेवानिवृत्त कर्मियों के संविदा नियोजन व संविदा विस्तार हेतु प्रस्ताव तैयार करने में संलिप्तता के आरोपी सिविल सर्जन कार्यालय के उच्च वर्गीय लिपिक अभिषेक कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करते हुए उनसे जिला औषधि भंडार एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित प्रभार जिला मलेरिया पदाधिकारी कार्यालय के उच्च वर्गीय लिपिक इमदाद ईमाम को व अन्य सभी संचिकाओं से संबंधित प्रभार सिविल सर्जन कार्यालय के उच्च वर्गीय लिपिक कुणाल को अविलंब हस्तगत कराने का आदेश दिया है। वहीं इमदाद ईमाम व कुणाल कुमार को अभिषेक कुमार से प्रभार ग्रहण कर प्रभार प्रतिवेदन अग्रेतर कार्रवाई हेतु अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करने तथा अपने कार्य के अतिरिक्त उपरोक्त से संबंधित कार्यों का भी संपादन करने का आदेश दिया गया है। वहीं इस संबंध में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) के जिला सचिव अजय कुमार ने सिविल सर्जन पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि गोपगुट का भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

## चोरी मामले में दो को किया पुलिस ने गिरफ्तारे



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस ने जिले के बंगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहीमाबाद में बीते दिनों एक घर से एक लाख रुपए व लाखों रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों की हुई चोरी मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चांदी का एक जोड़ा पायल, एक ब्रासलेट, चांदी का एक चोटी व एक चेन एवं सोने का एक जोड़ा कनफूल, नथिया, दो लॉकेट व एक अंगूठी एवं 880 रुपए बरामद किया गया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान बंगरा थाना क्षेत्र के भेरोखड़ा के स्व. विद्यानंद तिवारी के पुत्र संजीत कुमार तिवारी उर्फ मुंगेरी एवं मो. इसराईल के पुत्र मो. मुराद के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-1 कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए एएसपी सह एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीते एक सितंबर की रात रहीमाबाद स्थित एक घर में वेंटिलेटर को तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुस गए थे और घर में रखे गोदरेज का ताला तोड़कर उसमें से एक लाख रुपए नगद व सोने-चांदी के कीमती आभूषणों की चोरी कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय के द्वारा मुफ्फसिल अंचल ताजपुर के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी व मानवीय आसूचना के आधार पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त चोरों को गिरफ्तार किया और उनके पास से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है।

## लग्जरी कार से तस्करी का 10 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पूलिस ने नेपाल से लक्जरी कार में छिपाकर कर लाया जा रहा 10 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। अहियापुर थाने की पुलिस ने झपहां ओवरब्रिज के समीप यह कार्रवाई की। पकड़े गए तीनों शातिर सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा थाना क्षेत्र के भुतही और परसा गांव के रहने वाले हैं। इनमें से दो नाबालिग हैं। एक की उम्र करीब 16 साल वही दूसरा 17 साल का है। तीसरा तस्कर मो. नुरुद्दीन आलम 22साल का बताया गया है। गांजा बरामदगी को लेकर अहियापुर थाने में एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूरे मामले को लेकर सिटी एसपी अवधेश सरोज दीक्षित ने बताया कि दिल्ली नंबर की कार से गांजा की खेप मुजफ्फरपुर लायी जा रही थी। यह खेप नेपाल से आ रही थी। मिली सूचना के आलोक में झपहां ओवरब्रिज के समीप टीओपी के पास वाहन चेकिंग कराया गया। इस बीच एक कार सीतामढ़ी की ओर से आती दिखी। पुलिस टीम ने कार को रोका तो उसमें दो लोग पीछे और एक आगे बैठा हुए थे। तलाशी लेने पर ऊपर में कुछ नहीं मिला, लेकिन, पुलिस टीम ने जब चेचिस के नीचे तलाशी ली तो पता चला कि वहां एक तहखाना बना हुआ है। उसके अंदर हाथ दिया तो उसमें गांजा का पैकेट रखा पाया। गांजा का वजन 10किलो बताया गया है।पुलिस ने कार को जब्त कर तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया।

## नाव हादसे में 2 की डूबने से हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी थाना क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी में आज हुए एक नाव दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो गई। मृतक कलवारी गांव के अजित कुमार चौधरी और विद्यानंद चौधरी बताए गये है। चार अन्य लोगों को स्थानीय लोगों ने बाहर सुरक्षित निकाल लिया है। इस हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया है। फिलहाल इस घटना की सुचना नजदीकी थाने की पुलिस को दे दी गई है।मिली जानकारी के अनुसार, कांटी थाना क्षेत्र के कलवारी गांव में लगभग आधा दर्जन लोग एक नाव पर सवार होकर जमीन मापी के लिए बूढ़ी गंडक नदी को पार कर रहें थे। इसी दौरान अचानक नाव अनियंत्रित होकर बीच नदी में ही पलट गयी। जिसके बाद नाव पर सवार सभी लोग बूढ़ी गंडक नदी में डूबने लगे। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन तबतक दो लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों के बीच चीख पुकार मच गई। इस घटना को लेकर पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ितों को तत्काल सरकारी सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि कांटी थाना क्षेत्र के कालबारी क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन लोग एक नाव पर सवार होकर जमीन मापी हेतु बूढ़ी गंडक नदी को पार कर रहें थे।

## सरकार ने कैडर के साथ किया छल: जीविका कैडरो

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी बुधवार को बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ ने 02.09.2024 को जारी संशोधित सामुदायिक कैडर मानदेय कार्यालय आदेश की प्रति जलाकर प्रतिकार किया है। कैडरो का कहना है कि सरकार ने कैडर के साथ छल किया गया है। कैडर अब सड़क पर उतर कर आर पार के मूड में है। इस मौके पर कैडरों ने शपथ लिया है कि सरकार ने कैडर मानदेय पॉलिसी नहीं बदला तो हम 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में सरकार बदल देंगे। विदित हो कि जीविका माननीय मुख्यमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। जिसने बिहार कि सूरत बदलने का हरसंभव प्रयास किया। ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार जो आज दिख रही है उसमें जीविका का एक बड़ा योगदान हैं। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा हैं कि आज जीविका में कार्यरत लगभग 1.5 लाख कैडरों का मानदेय भुगतान पद्धति बिल्कुल बंधुआ मजदूर वाली है। जिसमें 90% महिला कैडर शामिल हैं। जीविका प्रबंधन से कई बार अनुरोध करने पर भी अभी तक उसमें कोई पहल नहीं हो पाया है। जिससे जीविका कैडरों के बीच जीविका प्रबंधन और सरकार के प्रति असंतोष व्याप्त है। सभी कैडर अल्प मानदेय पर काम करने वाले गरीब तबके के लोग हैं। उनके सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए कैडर मानदेय भुगतान हेतु जारी आदेश को अबिलम्ब बदला जाय। इस मौके पर अमरेश कुमार पूर्व, दिनेश कुमार, संगीता सिंह, बिनीता कुमारी, मंजुला देवी, सुधीरा यादव, पूनम यादव सहित सैकड़ों जीविका कैडर और दीदी उपस्थित रहे

## दरभंगा में बिहार भाजपा के सह प्रभारी को मिथिला परम्परा से किया भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। लहेरिया सराय स्थित परिसदन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का दो दिवसीय बिहार यात्रा के तहत झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार भाजपा के सह प्रभारी दीपक प्रकाश का आगमन हुआ। इस दौरान उनका स्वागत सत्कार सांसद गोपाल जी ठाकुर, दरभंगा नगर विधायक संजय सारावगी, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं भाजपा के कार्यकताओं ने मिथिला परंपरानुसार पाग चादर से किया। इस मौके पर दीपक प्रकाश ने जानकारी दिया की जेपी नड्डा छह सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री दरभंगा और मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करने वाले हैं। इस दौरान किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दरभंगा आकार एम्स का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी, हायाघाट के विधायक रामचंद्र प्रसाद, राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, पूर्व विधनपार्षद अर्जुन साहनी, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, सुजीत चौधरी, राकेश झा, महावीर सिंह, राजेश चौधरी, सुनील झा, मुनेंद्र झा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समेकित बाल विकास के परियोजना कार्यालय कल्याणपुर में प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी पंचायत से महिला पर्यवेक्षिका के साथ साथ उड़ान परियोजना से जुड़े एक्शन एड संस्था के जिला समन्वयक एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित हुए। बैठक की शुरूआत में उड़ान के जिला समन्वयक मोहम्मद इकराम ने बाल संरक्षण एवं परवरिश योजना से जुड़े कुछ आंकड़े रखते हुए किया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कल्याणपुर मीरा कुमारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर बाल संरक्षण समिति की बैठक अब हर माह की जाएगी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को उन्होंने निर्देशित भी किया कि अपने-अपने पंचायत में भी पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक हर माह करें एवं उसकी जानकारी बैठक उपरांत बाल विकास परियोजना कार्यालय को दें। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा की मिशन वात्सल्य के अंतर्गत हमारी पूरी कोशिश रहेगी की कल्याणपुर प्रखंड के पंचायतों को बाल हितैषी पंचायत बनाने में कोई कसर न छोड़ी जाए एवं हर बच्चे स्कूल में हो और सुरक्षित हो। अंत में उड़ान की प्रखंड समन्वयक सुषमा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हम सबको साथ मिलकर बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण के लिए खड़ा होना पड़ेगा।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री 7 को करेंगे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को एसकेएमसीएच परिसर स्थित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। उनके मुजफ्फरपुर आगमन को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अधिकारियों की टीम के साथ एसकेएमसीएच का भ्रमण किया तथा सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री एसकेएमसीएच परिसर स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इस अस्पताल के शुरू हो जाने से रोगियों को आधुनिक चिकित्सीय व्यवस्था सुलभ हो जाएगी तथा न केवल मुजफ्फरपुर बल्कि अन्य निकटवर्ती जिले के लोगों को भी इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त वे एसकेएमसीएच के शिशु गहन चिकित्सा इकाई तथा मुजफ्फरपुर स्थित डॉ होमी जहांगीर भाभा कैंस अस्पताल सह रिसर्च सेंटर का भी निरीक्षण करेंगे। उद्घाटन समारोह सहित अन्य कार्यों के सफल संपादन हेतु अस्पताल में सरकारी दिशानिर्देश एवं मानक के अनुरूप चिकित्सीय उपकरण का संस्थापन करने एवं एजेंसी से समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के पूरे कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपादन हेतु अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार को एसकेएमसीएच में तैनाती कर दी है। जिलाधिकारी ने मंत्री के कार्यक्रम के अनुरूप सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं पीकू वार्ड में आईसीयू सहित सभी प्रकार की अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सभी कार्य ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही वार्डों में डॉक्टर एवं नर्स की तैनाती करने तथा सभी चिकीत्सीय उपकरण विभागीय दिशानिर्देश एवं मानक के अनुरूप रखने को कहा। इस अवसर पर साफ सफाई का विशेष प्रबंध करने का निर्देश नगर निगम को दिया।जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी विनीत कुमार सहित एसकेएमसीएच के कई अधिकारी व डाक्टर उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 05 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### विवाहिता के साथ सास, गोतनी ने ईट से वार कर किया मारपीट

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के पैरगाहा गांव में एक महिला को उसे ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित कर एवं मारपीट कर घायल अवस्था में उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद महिला के मायके वाले उसे इलाज के लिए अस्पताल लाकर भर्ती करवाया जहां डॉक्टर के द्वारा उसका इलाज किया गया। घायल महिला की पहचान छवि देवी के रूप में हुई है। घायल महिला ने बताया कि मेरा पति अन्य प्रदेश में दैनिक मजदूरी करता है। घर पर अकेली रहूंती हूं जिसपर मेरी गोतनी कविता देवी, सास बसंत देवी हमेशा मुझे किसी न किसी बात पर प्रताड़ित करते रहती है। मंगलवार की शाम को सास, गोतनी घर का मुख्य गेट बंदकर कर मुझे बाहर छोड़ दिया और मुझे घर से निकल जाने के लिए कह रही थी जिसका विरोध मैने किया तो दोनो मिलकर मुझे ईट पत्थर से वार कर घायल कर दिया।

### बैठक का किया गया आयोजन

मुंगेर (बिहार)।अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह के निजी आवास खजुरिया रूद्र नगर में पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक आहूत की गई । जिसमें प्रदेश में होने वाली आगामी विधानसभा चुनाव तथा पार्टी संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी श्रीराम सिंह बिहार प्रदेश से आए उपाध्यक्ष स्वर्ण प्रकोष्ठ सुनील कुमार सिंह के अलावे प्रदेश सचिव गोपाल प्रसाद सिंह दिलीप तिवारी उपेंद्र प्रसाद यादव देवघर महानगर मोटर मैकेनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलीप रावत उपाध्यक्ष अशोक दास सचिन राधे कुमार बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। मोहनपुर प्रखंड अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पूनम देवी सचिन काजल कुमारी उपस्थित हुई

# दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय कृमि दिवस को ले निकाली गयी जागरूकता रैली

## सरकारी विद्यालयों आंगनबाड़ी केंद्रों में खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रारंभिक से उच्चतर मध्यमिक विद्यालयों में खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा




प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के दिग्विजय सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा अस्पताल प्रबंधक प्रियंका राव एवं प्रखंड समुदायिक उत्प्रेरक निधि कुमार के देखरेख राष्ट्रीय कृमि दिवस की सफलता को ले एक जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मौके पर रैली में दर्जनों आशा कार्यकताओं ने भाग लिया व क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय कृमि दिवस पर कृमि मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्र वासियों को जागरुक किया। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक प्रियंका राव ने कहा कि सभी सरकारी निजी विद्यालयों आंगनबाड़ी केंद्रों आदि पर 4 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि दिवस पर बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी गई। वहीं वैसे बच्चे जो 4 सितंबर को दवा खाने से वंचित रह गए उन्हें 11 सितंबर को मॉप अप राउंड पर यह दवा खिलायी जाएगी। बच्चों को यह दवा उम्र के हिसाब से खिलाया जाना है, इसके लिए मेडिकल टीम भी गठित की गयी है, उन्होंने कहा कि शरीर में कृमि होने से खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, बेचैनी, पेट दर्द, उल्टी और दस्त व वजन में कमी जैसी परेशानियां होती है, कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह दवा बेहद जरूरी है। बच्चों के शरीर में मात्रा से ज्यादा कृमि लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते है।वहीं कृमि दिवस पर कृमि से बचाव के लिए बच्चों को स्वच्छता को अपनाना होगा, हाथ के नाखूनों में गंदगी नही हो इसका ध्यान रखेंगे। कृमि हमारे शरीर के विकास में सबसे बड़ा बाधक है। इस जागरूकता रैली में स्वास्थ्य प्रबंधक प्रियंका राव,एसटीएस मनोज कुमार ठाकुर,बीसीएम निधि कुमार के अलावे कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निरंजन पासवान स्वास्थ्य सेवक गिरधारी जी सहित दर्जनों की संख्या में आशा कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

# 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा




प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में एडीआर भवन मुंगेर परिसर में आगामी 14 सितंबर 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है इस सम्बन्ध में मंगलवार के दिन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में एलडीएम लीड बैंक एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रवाल दत्ता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम कुमार पंकज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर दिनेश कुमार सम्मिलित हुए। बैठक में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्यों को अधिक से अधिक पक्षकारों के साथ प्री सीटिंग कर वाद निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक वादों का निष्पादन हो सके साथ ही सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह अपने अपने स्तर से प्रचार प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक लोग जागरुक हो सके बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत की अपेक्षा इस बार अधिक से अधिक वादों का निष्पादन का आश्वासन दिया गया है।

## बलात्कार रोधी विधेयक बिल पास होने पर प्रदेश महासचिव ने बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बधाई दिया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में बलात्कार रोधी अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक बिल 2024 सर्व समिति से पारित होने पर राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने इस बिल का स्वागत करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस ऐतिहासिक बिल पारित करने के लिए बधाई दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में नित्य प्रतिदिन छोटी-छोटी बच्चियों, लड़कियां एवं महिलाओं के साथ हो रहे गैंगरेप एवं उनकी हत्याओं को रोकने के लिए बिहार में भी बंगाल के तर्ज पर दुष्कर्म विरोधी संशोधित बिल शीघ्र लाकर हत्या करने वाले को फांसी की सजा दिलाने के लिए बिहार विधानसभा में पारित करना चाहिए जिससे कि बिहार में बलात्कार एवं हत्याओं पर रोक लगाया जा सके। प्रोफेसर कुमार सुमन ने कहा कि यूं तो पूर्व में भी बलात्कारियों को सजा दिलाने के लिए जो कानून है उसे कानून में दोषियों को 20 वर्ष, उम्र कैद एवं मौत का प्रावधान है। कानून में लचीलापन होने के कारण इसका लाभ लेते हुए बलात्कारी बच जाते हैं। अतः जरूरत है कि केंद्र सरकार पुराने बिल में संशोधन कर ऐसा कठोर बिल बनाए जिस की दोस्ती पाए जाने वाले को शीघ्र ही मौत की सजा मिल सके। प्रोफेसर सुमन ने केंद्र सरकार से यह आग्रह किया था कि अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक बिल को बिना किसी दुर्भावना से संसद में पास कराकर इसे राष्ट्रपति के पास स्वीकृति के लिए शीघ्र भेजें।

# एक घंटे की बारिश से संग्रामपुर एवं आस पास की सड़कें पानी पानी



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बुधवार के दोपहर संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में लगभग 1 घंटे हुए बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली वहीं संग्रामपुर बाजार सहित आसपास की सडकें जलमग्न हो गए। जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। कुछ घंटे के बारिश सड़कों पर बारिश के पानी इकट्ठा होने से जहां लोगों की परेशानी बढ़ गई वहीं पूर्व में किया सात निश्चय योजना अन्तर्गत नाला निर्माण की गुणवत्ता की पोल स्वतः ही खुलने लगी है।संग्रामपुर के मौनी मंदिर पथ, संग्रामपुर के वार्ड संख्या 9, वार्ड संख्या 8,चंदनिया गांव के 12 नंबर वार्ड स्थित ग्रामीण सड़क, रानी प्रभावती उच्च विद्यालय के समीप की सड़क सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत के सड़कों पर बारिश का पानी जमा होने से वाहन चालकों सहित पैदल आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। 1 घंटे की बारिश से सड़क पर जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो गली मोहल्ले से पानी निकासी का कोई व्यवस्था नहीं है जहाँ नाला का निर्माण हुआ है उमसें अनियमितता के कारण जलजमाव की समस्या दूर नहीं हो पाई हैं। कई जगहों पर लंबे समय से नाला का निर्माण नहीं होने के कारण जगह-जगह नाला ध्वस्त हो चुका है। जिससे बारिश की पानी का निकासी नहीं हो पता है और सड़क पर पानी जमा हो जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि मानसून शुरू होने से पहले अगर नाला का निर्माण कार्य को निपटा लिया जाता तो आज यह स्थिति नहीं होती।

# बाढ़ पीड़ितों ने सड़क बनाने की मांग किया



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या पांच में बाढ विस्थापित 50 परिवारों को जो खगडिया जिला के मथार पंचायत से 2012 मे जंगली टोला गांव के नाम से अपनी जमीन खरीद कर झोपड़ीनुमा मकान बनाकर जीवन यापन कर रहे थे। जिसे सरकारी सुविधा से वंचित होकर जीवन यापन करना पड़ रहा हैं। इन लोगों को घर पहुंचने के लिये सडक मार्ग के लिए प्रयाप्त जमीन उपलब्ध है।जिसे पंचायत के मुखिया द्वारा सड़क जिर्णोद्धार करने से अपने आवास तक पहुंच बनाया जा सकता है। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की मांग किया है।

# विधायक ने नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का किया भव्य उद्घाटन




प्रात: किरण संवाददाता

जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने जमुई प्रखंड के अमरथ गांव में ह्यकरूणा मैत्री नेत्रालयह्न द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन किया। नेत्र रोग से पीड़ित सैकड़ों ग्रामीणों ने इस शिविर का लाभ उठाते हुए जांच कराया। इस अवसर पर विधायक श्रेयसी सिंह ने कहा कि जिन ग्रामीणों को जांच के उपरांत ऑपरेशन की आवश्यकता पाई जाएगी, उनका निःशुल्क ऑपरेशन अगले एक महीने के भीतर गिद्धौर स्थित ह्यकरूणा मैत्री नेत्रालयह्न में आधुनिकतम तकनीक से विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा सुश्री सिंह ने अमरथ गांव में काली मंदिर के समीप विधायक निधि से नवनिर्मित छत्तेदार चबूतरा का उद्घाटन किया। जिसे स्थानीय अमरथ ग्रामवासियों की मांग पर निर्माण कराने की अनुशंसा स्थानीय विधायक ने की थी। साथ ही विधायक सुश्री सिंह द्वारा ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्न कार्यक्रम के तहत ग्रामीण चौपाल लगाकर स्थानीय समस्याओं और सुझावों से अवगत हुईं। बताते चलें कि विधायक श्रेयसी सिंह का ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्न कार्यक्रम के तहत लगने वाले अनूठे ग्रामीण चौपाल क्षेत्र वासियों में काफी लोकप्रिय हो रहे हैं और ग्रामीणों व शहर वासियों को अपने जनप्रतिनिधि से सीधा रूबरू होने का एक उमदा मंच मुहैया करा रहे हैं। ग्रामीण चौपाल में ग्रामीणों की सुझावों को सुनने के पश्चात और समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के उपरांत सुश्री सिंह ने अपने विधान सभा क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि ह्लमेरी पहली प्राथमिकता है कि समाज का ना सिर्फ भौतिक विकास हो, बल्कि सामाजिक शांति के साथ साथ समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को न्याय के साथ चहुमुखी विकास सुलभ हो। इस अवसर पर भाजपा जमुई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश मंडल, पूर्व मांगोबंदर मंडल अध्यक्ष जयंत चौधरी, स्थानीय ग्रामीण शालिग्राम पांडे, नवल महतो, कृष्णा महतो, तारनी साह, पप्पू साह, प्रदीप मिस्त्री, दशरथ मांझी, बबलू मांझी, राम यादव, सुरेश पांडे, मंजू देवी, श्यामदेव चौधरी, सुबोध महतो, प्रमोद महतो, कारू कुमार, रामभज्जु महतो, देवशरण महतो, शिवेश पांडे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पंचायत के लोग उपस्थित थे।

# मुखिया के द्वारा छात्र के साथ कि गई मारपीट पर अभाविप ने जताया रोष



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के बाराकोला पंचायत स्थित उ.उच्च माध्यमिक विद्यालय बाराकोला के 12 वीं के छात्र नारगंजो गांव निवासी रोहित कुमार के द्वारा पंचायत के मुखिया अतुल आनंद के द्वारा लाठी से बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपना रोष प्रकट किया है। संगठन के छात्र नेता सूरज बरनवाल, नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश कुमार, जिला मीडिया संयोजक कार्तिक कुसुम यादव, कॉलेज मंत्री राजेश यदुवंशी, नगर कलामंच संयोजक अंजनी पंडित, नगर कार्यकारिणी सदस्य खुशबु चैधरी आदि ने कहा कि छात्र का जीवन संघर्षशील होता है लेकिन मुखिया के द्वारा इस तरह की घटना छात्र के साथ किए जाने से संगठन इस मामलें में मुखिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग करता है। लोगों ने कहा कि एक तरफ पंचायत को शिक्षा सहित अन्य कई संसाधन को आगे बढ़ाने में जनप्रतिनिधि अपना योगदान देते है लेकिन बाराकोला पंचायत के मुखिया छात्र की ही पिटाई कर देता है। लोगों ने कहा कि इस घटना को जमुई जिला शिक्षा पदाधिकारी और स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात इस मामले की निष्पक्ष जांच कर मुखिया पर न्यायसंगत कार्रवाई की मांग करेगे। अगर इस विषय पर विभाग के द्वारा कोई सकरात्मक पहल नही किया जाता है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों व अंचलों में मार्गदर्शन हेतु मेंटर पदाधिकारी को किये प्रतिनियुक्त

प्रात: किरण संवाददाता



- एसडीएम श्री तिवारी को बरहट तो भानु प्रकाश को लक्ष्मीपुर प्रखंड, सदर प्रखंड में मो. नजरूल हक

जमुई जिलाधिकारी राकेश कुमार के निदेशानुसार जमुई जिला के सभी प्रखंडों व अंचलों के पदाधिकारी के मार्गदर्शन हेतु मेंटर सह वरीय पदाधिकारी के रूप में मोहम्मद नजरुल हक, उप क्षेत्रीय निर्वाचन पदाधिकारी को जमुई प्रखंड, राम दुलार राम जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को खैरा प्रखंड, मोहम्मद इरफान आलम जिला परिवहन पदाधिकारी को सिकंदरा प्रखंड, वीरेंद्र कुमार जिला पंचायत राज पदाधिकारी को इस्लामनगर अलीगंज, अभय कुमार तिवारी अनुमंडल पदाधिकारी को बरहट प्रखंड, भानु प्रकाश जिला योजना पदाधिकारी को लक्ष्मीपुर प्रखंड, अमु अमला, वरीय उप समाहर्ता को गिद्धौर प्रखंड, अनिल कुमार रमन अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को झाझा प्रखंड, राकेश कुमार सिंह निदेशक जिला ग्रामीण विकास को सोनो प्रखंड तथा मोहम्मद तारिक रजा उप समाहर्ता भूमि सुधार को चकाई प्रखंड प्रतिनियुक्त किया गया है ' इसी क्रम में मेंटर सह वरीय पदाधिकारी के रूप में प्रतिनिधि पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्थल के पदाधिकारी की बैठक आयोजित कर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्यक निष्पादन तथा विधि सम्मत मार्ग प्रदान करने का निर्देश दिया गया ।

# तैयारी- बच्चों की परीक्षा परिणाम बताएंगे कि शिक्षकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की कैसी है गुणवत्ता

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शिक्षकों की भी होगी परीक्षा




प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। आगामी 18 सितंबर से सरकारी स्कूलों में वर्ग 1 से 8 के बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित होनी है।लेकिन यह परीक्षा बच्चों से ज्यादा शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि बच्चों की परीक्षा परिणाम बताएंगे कि शिक्षकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है।अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन और शिक्षकों की भूमिका को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन को सेवा पुस्तक में अंकित करेंगे। स्कूलों में परीक्षा तो प्रत्येक वर्ष आयोजित होती रही है। लेकिन इस बार अपर मुख्य सचिव ने बदलाव किया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुये इस परीक्षा हेतु प्रत्येक विद्यालय में वीक्षण का कार्य दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा किया जाएगा तथा उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन भी दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य यह है कि सभी सरकारी प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल यह प्रतिबंधित करेगा कि उक्त विद्यालय के शिक्षक द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है। 18 सितंबर से होनी है अर्द्धवार्षिक परीक्षा 18 सितंबर को प्रथम पाली में वर्ग 3-8 के लिए पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विज्ञान तथा दूसरी पाली में कक्षा 6-8 के लिए विज्ञान। 19 सितम्बर को वर्ग 3 से 8 के लिए राष्ट्रभाषा हिन्दी तथा वर्ग 6-8 के लिए संस्कृत। 20 सितम्बर को 1-8 के लिए सह शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन।21 सितम्बर को वर्ग 1-5 के लिए प्रथम पाली में हिन्दी,उर्दू तथा दूसरी पाली में 6-8 के लिए हिन्दी,उर्दू। 22 सितम्बर को उर्दू विद्यालयों के लिए सह शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन। 23 सितम्बर को पहली पाली में वर्ग 6-8 के लिए अंग्रेजी। 24 सितम्बर को पहली पाली में वर्ग 1-5 के लिए गणित। वर्ग 1 के बच्चों का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन का स्वरूप पूर्व की तरह ही मौखिक होगा। संकुल स्तर पर होगा उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन प्रश्न पत्र-सह-उत्तर पुस्तिकाओं की जांच निकटतम कंपलेक्स रिसोंस सेंटर,संकुल स्तर पर किया जाएगा। वर्ग के छात्र-छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन मूल विद्यालय में ही किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य कॉम्पलेक्स रिसोंस सेंटर, संकुल द्वारा 26 सितंबर से 30 सितंबर तक अधिकतम पांच कार्य दिवस की अवधि में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच,प्रत्येक छात्र- छात्राओं के परिणाम को मूल्यांकन पंजी, मूल्यांकन पंजी प्रपत्र में संधारित करने, प्रगति पत्रक में विद्यार्थियों के परिणाम को संधारित करने का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

## किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए पचास हजार किसानों को किया जाएगा गोल बंद : बिहार राज्य किसान सभा



प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय । किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए 50000 किसानों को गोल बंद किया जाएगा। सर्वे के नाम पर किसानों की लूट बंद करो, गांव-गांव में किसानों को गोलबंद करने हेतु किसान जागरण यात्रा निकाली जाएगी। जीरोमाईल से एक हजार ट्रैक्टर का मार्च निकलेगा। आगामी नवंबर के आखरी सप्ताह में या फिर दिसंबर के प्रथम सप्ताह में किसान महापंचायत का आयोजन किया जायेगा।उसे सफल बनाने व किसानों की सदस्ता अभियान चलाने को लेकर बुधवार को तेघड़ा प्रखंड के किसानों की बैठक गौड़ा-2 स्थित पूर्व मुखिया अशोक सिंह के ड्राम फक्ट्री में की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया भोला सिंह सचिव तेघड़ा प्रखण्ड किसान सभा ने की। जबकि संचालन किसान नेता दिनेश सिंह ने किया। इस संबंध में किसान नेता दिनेश सिंह, अशोक प्रसाद सिंह महासचिव बिहार राज्य किसान सभा ने कहा कि बिहार में फसल बीमा पुनः लागु करो, किसानों के सभी प्रकार की कर्ज माफ किया जाय, 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी किसानों को 10,000 रुपया मासिक पेंशन दो, एम एस पी की कानूनी गारंटी दो, प्रति लीटर दूध पर 10रु सब्सिडी दो, और कॉर्पोरेट भगाओ खेती बचाओ, कॉपरेटिव बचाओ की मांग को लेकर किसानों का महापंचायत बेगूसराय में की जाएगी. इसी को सफल बनाने के लिए बुधवार को गौड़ा स्थित पूर्व मुखिया अशोक सिंह के डेरा पर तेघड़ा के किसानों की एक बैठक की गई।जिसमें उक्त किसान महापंचायत में कमसे कम 50 हजार किसानों के भाग लेने के लिए पुरे बेगूसराय में किसानों का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले उक्त किसान महापंचायत में किसान हजारो ट्रेक्टर लेकर पहुंचेगे. उन्होंने कहा कि किसान महापंचायत को सभी राष्ट्रीय किसान नेता भाग लेगें।मौके पर मुखिया चंद्रभूषण सिंह, मुखिया पंकज पासवान, पूर्व मुखिया अशोक सिंह, पैक्स अध्यक्ष संधीर कुमार उर्फ झुना सिंह, अशोक राय, मुरारी यादव, दीपक सिंह, सरोज कुमार समेत कई किसानों ने अपना बहुमूल्य सुझाव दिए।सैकड़ो ने इस कार्यक्रम मे भाग लिया।

## दंपति के साथ किए गए बर्ताव को लेकर एसडीपीओ ने कहा पुलिस कर रही है कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] ताराकुरा क्षेत्र में एक महिला और उसके पति को तालिबानी सजा देते हुए जूतों- चप्पल का माला पहनाकर गांव में घुमाए जाने के मामलें में पुलिस ने दंपति की शिकायत पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामलें में बुधवार को झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने कहा कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज ली गई और पुलिस के द्वारा इसको लेकर आगे की कार्रवाई कि जा रही है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है। बताते चले कि गांव की एक शादीशुदा महिला गांव के ही केदार मंडल के साथ प्रेम प्रसंग में कुछ दिन पूर्व गांव से भाग गई थी और बीते 2 अगस्त को अपने घर लौटी तो गांव के रहने वाले गणेश मंडल, रवि मंडल, सुधीर मंडल, कारू मंडल, बबलू मंडल समेत अन्य अज्ञात लोग बैठक किया जिसमें संगीता देवी, दामोदर मंडल, लखन मंडल की पत्नी, सुधीर मंडल की पत्नी आदि शामिल होकर गांव में महिला और उसके पति को जूता चप्पल पहनाकर मारपीट करते हुए समाज को गंदा बनाने का आरोप लगाकर घुमाया।

## बुनियाद केंद्र पर नेत्र जांच के उपरांत लाभुकों को दी जाएगी नि:शुल्क चश्मा

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड मुख्यालय में स्थित अनुमंडल स्तरीय बुनियाद केंद्र में दिव्यांगजन, विधवा एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ उन्हें जरूरी उपकरण भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इस केंद्र से बधिर लोगों के लिए हियरिंग मशीन लाभुकों को जरूरत के हिसाब से निशुल्क चश्मा मुहैया कराया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बुनियाद केंद्र के सिटी मैनेजर नाजनीन खातून ने बताया कि बुनियाद केंद्र में दिव्यांग बुजुर्ग एवं विधवाओं के लिए कई प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध है। यहां पर लाभुकों का निशुल्क नेत्र जांच किया जाता है तथा निशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाता है। लगभग 2 साल से सेंटर पर चश्मा नहीं था जिस वजह से लोगों की नेत्र जांच तो हो रही थी परंतु चश्मा नहीं मिल पा रहा था। अब बुनियाद केंद्र पर चश्मा उपलब्ध हो गया है। वैसे लाभुक जिन्होंने पहले अपना नेत्र जांच कराया हो और उन्हें चश्मा की सलाह दी गई थी। वे अपना आधार कार्ड आवासीय प्रमाण पत्र एवं जांच के उपरांत दी गई पीली पर्ची के साथ केंद्र पर आकर अपना चश्मा ले सकते हैं।

# नगर राम लीला-समिति आरा की एक आवश्यक बैठक का आयोजन

## परम्परागत तरीके से चली आ रही रामलीला समिति पर दस्तावेजी साक्ष्य बहुत पुराने समय से दर्ज है: अध्यक्ष सोनू राय

प्रात: किरण संवाददाता



आरा । बुधवार को नगर राम लीला – समिति आरा की एक आवश्यक बैठक समृद्धि होटल सभागार में बुलाई गई। नगर राम लीला समिति आरा के मुख्य संरक्षक महंत श्रीराम किन्कर दास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे शहर के गणमान्य राम भक्त सम्मिलित हुए। सभा का संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता अधिवक्ता ने किया और नगर रागलीला समीति के कई वर्षो से चली आ रही परम्परा एवं उसकी क्रिया कलापों पर विस्तार से तथ्यों को रखा।

इसी क्रम में मुख्य संरक्षक अपने उद्‌गार व्यक्त करते कर कहा कि नगर राम लीला समिति आरा पुरातन काल से भगवान श्री राम की लीला का प्रस्तुतिकरण कराते आ रही है और इस वर्ष 2024 में होने वाली लीला आपसी व सोहादपूर्ण वातावरण मे रहकर सम्पन्न हो इसक लिए सभी राम भक्तों का एंव नगरवासियों का समाज के सभी तबके से जुड़े हुए वायक्तियों का दायित्व होता है। नगर राम लीला समिति के अध्यक्ष सोनू राय ने सभा में उपस्थित सभी राम भक्तो को इस आयोजन को सफलीभूत बनाने में सहयोग के लिए हृदय से नमन करते हुए धन्यवाद दिया।

प्रेस मिडिया के समक्ष नगर रामलीला समिति पुरानी अदालत पड़ाव के पुराने समय एवं परम्परागत तरीके से चली आ रही रामलीला समिति पर दस्तावेजी साक्ष्य एवम बहुत पुराने समय से दर्ज है। प्रोसिडिंग रजिस्टर को सभा के समक्ष रखकर के अपने तर्क पूर्ण तथ्यों को रखा।

अपने उद्‌बोधन में अन्य वक्ताओं में हरिकृष्ण उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद संरक्षक मदन प्रसाद, राममूर्ति प्रसाद, काशी नाथ राय, अश्विनी कुमार, शम्भुनाथ प्रसाद (सचीव) हाकीम प्रसाद, संजीव कुमार गुप्ता, विजय भारती, अधिवक्ता मनोज कुमार गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, ई.सुनील कुमार सिंह यादव एवं सैकड़ों नगरवासी उपस्थित होकर नगर रामलीला समिति के इस कार्यक्रम में सफलीभूत बनाने में सहयोग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### विकास आयुक्त बिक्रम विरकर ने किया जीविका भवन का शिलान्यास



आरा। आरा सदर प्रखंड के छोटकी सनदिया पंचायत में भोजपुर विकास आयुक्त बिक्रम विरकर के द्वारा जीविका भवन का शिलान्यास ग्राम पंचायत सनदिया मे किया। गांव के लोगों ने उप विकास भोजपुर को बुके एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया उक्त अवसर मुखिया हरेन्द्र प्रसाद यादव सनदिया सह जिलाध्यक्ष मुखिया संघ भोजपुर,वार्ड सदस्य आसिफ इकबाल,पुर्व वार्ड सदस्य जसीम बारी,अफजाल अहमद,कार्यक्रम पदाधिकारी सुमित कुमार,पी0आर0एस0 अर्जुन कुमार,जेई प्रभास कुमार,स्त्रइ प्रणव कुमार,ाइ उमेश यादव,जीविका दीदियानिमा,बबिता,सीमा,मिना,चुनमुना,एवं इत्यादि लोग मौजूद थे।

### बंदोबस्ती पर्चा वितरण हुआ

नोखा( रोहतास )प्रखंड मुख्यालय पर बुधवार को बंदोबस्ती नया पुराना मिलाकर 137 पर्चा बटा गया सीओ मकसूदन चौरसिया ने बताया कि कई पंचायतों में लोगों को पर्चा बटा गया इस कार्यक्रम में उपस्थित नोखा प्रखंड प्रमुख अरविंद कुमार, मुखिया दयानंद सिंह, चितरंजन तिवारी, रंजीत पासवान, सुनीता गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू पासवान, राकेश कुमार सहित कई पंचायत के लोग मौजूद रहें।

### बसेरा 2 के तहत बंदोबस्ती पर्चा वितरण समारोह का आयोजन किया गया

दावथ(रोहतास)। सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में राजस्व भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना अभियान बसेरा 2 के तहत बंदोबस्ती पर्चा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक सूर्यपुरा अंचल अधिकारी गोल्डी कुमारी बीडीओ तेजबहादूर प्रसाद की उपस्थिति में कुल 112 लोगों को बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से 70 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु

काराकाट (रोहतास) : काराकाट प्रखंड अंतर्गत धनछूहा निवासी 70 वर्षीय शिव वचन सिंह यादव पिता स्वर्गीय चंद्रिका सिंह यादव की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने के कारण हो गई। इस खबर को सुनते ही गांव में हाहाकार मच गया मृतक शिवबचा सिंह यादव को आनन फानन में बिक्रमगंज निजी अस्पताल में परिजन के द्वारा ले जाया गया मगर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने जांचों परांत मृत घोषित कर दिया ।यह सुनते ही परिवार रोने बिलखने लगने लगा । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक शिवबचन यादव भैंस चराने के लिए बगीचा में गए थे कि अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिस कारण से उनकी मृत्यु हो गई ।काराकाट पंचायत के मुखिया सह रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष बाबू जोगेंद्र सिंह मृतक परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय संगत मुआबजा देने की मांग की जिला के बरिए अधिकारियों से की है ।

### आंगनबाड़ी सेविका के अचानक मृत्यु से गांव में शोक

काराकाट(रोहतास)। काराकाट नगर पंचायत के बाद गांव के निवासी आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 55 पर कार्यरत एक महिला आंगनबाड़ी 45 वर्षीय सेविका मीना देवी की अचानक मृत्यु हो गयी । स्थानीय लोग इस घटना को लेकर अचंभित हैं। यह महिला अपने समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी, और उसकी अनुपस्थिति का सभी को गहरा अफसोस है। गांव के लोग बताते हैं कि यह महिला हमेशा बच्चों के विकास और स्वास्थ्य के प्रति समर्पित रहती थीं। उनकी अचानक मृत्यु ने न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे गांव को भी झकझोर दिया है। इस घटना ने आंगनवाड़ी केंद्रों में काम करने वाले सभी कर्मी सहित गांव के लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

कैमुर भभुआ। जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन बुधवार को नगरपालिका मध्य विद्यालय, भभुआ में बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिला कर किया। विदित है कि 4 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और 11 सितंबर को मॉप अप डे मनाया जायेगा। इस दिन 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा सभी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य संस्थानों में खिलाई जायेगी। इस अवसर पर प्रचार प्रसार के लिए जिला पदाधिकारी ने ह्यसारथी रथह्व को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैमूर जिले में संपूर्ण लक्ष्य 996312 राज्य स्तर से प्राप्त है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ शांति कुमार मांझी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ऋषिकेश जायसवाल, जिला लेखा प्रबन्धक प्रभात कुमार, आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के भोजपुर जिला दौरा को लेकर बड़हरा विधायक द्वारा जिलाधिकारी एवं पदाधिकारियों के साथ बखोरापुर मे तैयारी का किया गया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भोजपुर जिला मे आगमन होने वाला है। इस दौरान वे बड़हरा विधानसभा के बखोरापुर मे विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री के भोजपुर जिला दौरे के दौरान बखोरापुर मे तैयारी को लेकर बुधवार को बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने भोजपुर जिलाधिकारी राजकुमार, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित जिला के वरीय पदाधिकारी और प्रखंड पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल सहित सभी जगहो की तैयारी का निरीक्षण किए। इस दौरान बड़हरा विधायक ने कहा कि बड़हरा की धरती पर माँ बखोरापुर काली माई के प्रांगण मे बिहार के मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बड़हरा मे मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बड़हरा क्षेत्र के लिए विकास की राह प्रशस्त करेगा उनके स्वागत मे बड़हरा क्षेत्र के सभी गाँवो से कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता शामिल होंगे। इस बड़हरा क्षेत्र मे आना सौभाग्य की बात है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय मुखिया सहित एनडीए के कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता शामिल थे।

## मंदिर से दान पेटी चोरी मामलें में 4 चोर गिरफ्तार

भभुआ (कैमूर) मंदिर चोरी का कोई नया घटना नहीं है यह बिहार में निरंतर होते रहता है आम चोरी तो होते रहता है लेकिन चोरों ने भगवान को भी नही बक्सता कुछ दिन पहले भगवानपुर प्रखंड में मां मुंडेश्वरी माता दी की भी आंख को चोरों ने गायब कर दिया था आप को बताते चलें की यह मामला भगवानपुर थाना एवं प्रखंड के सामने काली माता मंदिर से दान पेटी को चोरों ने चुरा लिया था जिससे भगवानपुर थाना ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान को जारी किया गया जारी अनुसंधान में चार चोर आरी दान पेटी एवं 17245 रुपए कैश सहित अनिल कुमार गुप्ता, पिता मोहन साह, नीरज कुमार, नारायण मल्लाह, सत्येंद्र मल्लाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में प्रेस वार्ता में सीडीपीओ शिव शंकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवानपुर थाना में पूर्व में हुए चोरी का अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि अनिल कुमार गुप्ता ने चोरी कर के भगवानपुर थाना के आगे खेत में ले जाकर पैसा निकालने की कोशिश किया।

# नवादा के नए थानाध्यक्ष विपिन बिहारी, बनाएं गए

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। इंस्पेक्टर विपिन बिहारी को आरा के नवादा का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। विपिन बिहारी को तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। वह 2009 में सब-इंस्पेक्टर बने थे। यहां पहले से कार्यरत रहे इंस्पेक्टर कमलजीत के विशेष प्रशिक्षण के लिए राजगीर चले जाने से पद खाली चला आ रहा था। ऐसे में विपिन बिहारी की यहां पोस्टिंग मिली।भोजपुर के एसपी प्रमोद कुमार यादव ने इंस्पेक्टर विपिन बिहारी को नवादा थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया है। डीआइजी से अनुमोदन के बाद मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। मंगलवार को उन्होंने योगदान भी दे दिया। यहां पहले से कार्यरत रहे इंस्पेक्टर कमलजीत के विशेष प्रशिक्षण के लिए राजगीर चले जाने से पद खाली चला आ रहा था। 2009 बैच के सब-इंस्पेक्टर विपिन बिहारी लोक सभा चुनाव के समय रोहतास जिले से बदलकर भोजपुर आए थे। जिले में योगदान के बाद उनकी पहली पदस्थापना पहले डीआइयू एवं फिर सदर सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में हुई थी। जिले में बतौर थानाध्यक्ष उनकी पहली पदस्थापना है। इससे पूर्व वे रोहतास जिले के करवंदिया व नटवार थाना में बतौर थानाध्यक्ष रहे थे। उस समय गैंग व अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा में रहे थे। आपको बताते चलें कि आठ थानाध्यक्ष समेत 17 अफसर 48 दिनों की ट्रेनिंग पर राजगीर गए है।

# विश्व हिंदू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस हिंदुओं को एकजुट करने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। विश्व हिंदू परिषद बिहिया द्वारा विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के पर मंगलवार को हनुमान मंदिर (अस्पताल रोड़) में षष्ठी पूर्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके वक्ताओं ने हिंदुओं की एकता और संगठन विस्तार पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाश बजरंगी ने तथा संचालन आदित्य मिश्रा ने किया। इस मौके मुख्य वक्ता बक्सर भोजपुर प्रचार प्रसार प्रमुख चेतन मिश्रा ने विहिप की गतिविधियों के बारे में बताया और कहा की भारत की कुछ आबादी देश को अपनी भूमि नहीं मानती और इस भूमि पर रहकर यहां का अन्य जल खाकर दूसरे राष्ट्र का गुणगान करती है। पेड़ उपक्रम प्रमुख रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का मुख्य मकसद धर्म परिवर्तन और गौ हत्या को रोकना है आज भी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता धर्मातरण और गौ हत्या को रोकने के लिए कार्य कर रहे हैं, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुजीत सिन्हा ने कहा कि विहिप ने हिंदु समाज को एक करने का काम किया है। राकेश तिवारी अटल ने विहिप की 60 वर्ष की उपलब्धियां वर्तमान में राष्ट्रधर्म एवं हिंदू समाज के समक्ष चुनौतियों तथा उनके निराकरण के संबंध में भी चर्चा की। इस मौके पर उपेंद्र बजरंगी, अरविंद पांडेय, अजीत स्वस्तिक, रमेश सुदामा, आशुतोष मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, बसंत यादव,धीरज साह, राजू ओझा, कुमार विवेक, बिक्की चौबे, नीरज वर्मा, पंकज सर्वेस, गोलू सिंह, आशुतोष चौबे, अनूप जी,रितेश त्रिपाठी ,प्रिंस जी, राजा, जयप्रकाश जी, पंकज गुप्ता, नागेंद्र ओझा, राहुल,कृष, करण, अजीत पटेल, आर्यन, बनाराशी जी समेत सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे।

# रेलवे द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन वाइल्डलाइफ के तहत आरपीएफ

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) : वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू जेथिन बी राज के निदेर्शानुसार निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक डी एस राणावत , सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार, आरक्षी पंकज सिंह तथा आरपीएफ सिपीडीएस टीम के अवर निरीक्षक संदीप कुमार ,आरक्षी कुंदन कुमार एवम आरक्षी आनन्द कुमार सभी साथ मिलकर सासाराम रेलवे स्टेशन पर आपरेशन वाइल्ड लाइफ के तहत विशेष निगरानी/चेंकिंग करने के दौरान सासाराम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म सं0-03 पर आई गाड़ी संख्या 12322 के साधारण कोच में 225 तोता और 6 तीतर को तस्करी कर ले जाते हुए 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिनसे पुछताछ करने पर तस्करो के द्वारा बताया गया कि उक्त तोता और तीतर को प्रयागराज छेओकी से वर्द्धमान ले जारहे थे जिसके सम्बन्ध में कोई बैध कागजात नही पाया गया ।ऊक्त दोनो तस्करों और सभी पक्षियों को वन विभाग सासाराम को उचित कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया।

## कर्मी एवं पर्यवेक्षकों के साथ की गई कार्य की समीक्षा

काराकाट(रोहतास)। आज दिनांक 4 सितंबर 2024 को रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड स्थित सोनबरसा पंचायत में प्रखंड समन्वयक , काराकाट द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत सोनबरसा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम से संबंधित कर्मी एवं पर्यवेक्षकों के साथ कार्य की समीक्षा की गई। जिसमें सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने वार्ड में ठोस एवं तरल प्रबंधन से संबंधित कार्य को सुचारू ढंग से तथा नियमित रूप से संपन्न कराएं। ताकि सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जा सके। कर्मियों द्वारा आई कार्ड तथा समय पर भुगतान को लेकर बात कही गई इसके समाधान में प्रखंड समन्वयक ने आई कार्ड के लिए तथा पुराने भुगतान को भी शीघ्र ही पूरी करने की बात की।

# 101 वास विहिन परिवारों व्यक्तियों को भूमि बन्दोवस्ती का पर्चा वितरण किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : बुधवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में अभियान बसेरा-दो के तहत सर्वेक्षित सुयोग्य श्रेणी के कुल 101 वास विहिन परिवारों व्यक्तियों को भूमि बन्दोवस्ती का पर्चा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक, डीसीएलआर संतोष कुमार सिंह और काराकाट अंचलाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने सयुक्त रुप से पर्चा वितरण की। वही अंचलाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियान बसेरा 2 के तहत रकवा तीन अथवा पांच डिसमिल जमीन 101 भूमिहीन परिवार दी जा रही है। जिसमें विगत दिन एक भूमिहीन को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा दी जा चुकी है। शेष 100 जिसको अब दी जा रही है जिसमे 25 परिवार को पांच तो वही शेष को तीन डिसमिल। और जानकारी दिया कि यदि प्रखंड मुख्यालय पर वास विहीन परिवार के लोग किसी कारण उपस्थित नहीं हो पाए उन्हें उनके घर जाकर भूमि बन्दोवस्ती का पर्चा दी जाएगी । वही इस अभियान समारोह में शामिल हुए अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने कहा कि अभी जितने भूमिहीन है उनको चिन्हित कर तीन अथवा पांच डेसिमल रकवा वाला भूमि तो दी जा रही है। आगे त्वरित रूप से प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास भी उपलब्ध कराई जाएगी । वही वास विहिन परिवारों से पूछा कि अगर किसी भी तरह के भूमि पर बंदोबस्त या बसने में अड़चन या दिक्कत होती है इसकी जानकारी काराकाट अंचल अधिकारी को आवश्यक रूप दें निश्चित ही आप सबको बसायें जाएगा। वही इस वास विहिन परिवारों में से बेनसागर के आनराजो देवी, तारेगना देवी, बेबी देवी, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों परिवार के लोग उपस्थित पर्चा पाने के लिए मौजूद थे।

# दक्षिणी एशियाई कॉमबैट खेल नेपाल के काठमांडू में गोल्ड मेडल जीतने पर आरा में निकाला गया विजय जुलूस

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा में निकला विजय जुलूस राधा पहलवान को दक्षिणी एशियाई कॉमबैट खेल नेपाल के काठमांडू में गोल्ड मेडल जीतने पर आरा में विजय जुलूस निकाला गया ।राधा पहलवान ने खुले वाहन पर आरा शहर वासियों को हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए आगे बढ़ते जा रही थी जिसका नेतृत्व पत्रकार योगेश्वर प्रसाद एवम भोजपुर लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान कर रहे थे। आज हर्षित था आरा,लोग चौक चौराहा पर राधा पहलवान को फूलमाला से स्वागत कर रहे थे ,श्री टोला जवाहर टोला में महिलाओं ने राधा को पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत कर रही थी। भारत माता की जय , राधा पहलवान जिंदाबाद का नारा लोग लगा रहे थे। लोजपा जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा हमारे भोजपुर सहित बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है उन्हे सिर्फ जगाना है उत्साहित करना है ।हमारे भोजपुर के चार पहलवानों में क्रमशः नेपाल में साउथ एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में कचहरी आरा के उप डाक घर में कार्यरत मुंजी पासवान ने गोल्ड मेडल जीता,वही महिला वर्ग में 69 किलो ग्राम भार वर्ग में सुश्री राधा कुमारी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया ।भोजपुर जिले के ही कायमनगर निवासी सहोदर भाई बहन सुश्री अर्चना कुमारी आर्य एवम अनुपम कुमार आर्य ने सिल्वर मेडल जीतकर आरा भोजपुर बिहार ही नही पूरे भारत का नाम रौशन किया है। आगे राजेश्वर पासवान ने बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से प्रेस के माध्यम से अनुरोध किया है मेडल लाओ नौकरी पाओ,प्रायोजित अभियान के तहत तीनो बेरोजगार पहलवानों को नौकरी दिया जाय ताकि वे लोग हमारे बिहार सहित देश का नाम रौशन करे । कार्यक्रम में लोजपा जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के साथ युवा लोजपा प्रदेश महासचिव मनीष बुचूली,लोजपा नेता ओमप्रकाश चंद्रवंशी ,परमात्मा,सोनू,उजैन, बेलू,विक्की,अरमान,सुमंत, आकाश ,भोला चंद्रवंशी,सुधीर चंद्रवंशी,राहुल पासवान,सचिन कुमार,दुगुरन आदि सैकड़ों लोगो ने रंग गुलाल उडाते हुए विजय जुलूस का शोभा बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम के पूर्व जिला अध्यक्ष को पत्रकार योगेश्वर प्रसाद एवम राधा पहलवान ने पगड़ी बांध एवम फूलमाला से स्वागत किया।

# गांव के ही पोखर में डूबने से हुई बुजुर्ग महिला की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



रामगढ़( कैमूर )थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंझुआ गांव के पोखरे में डूबने से हुई एक वृद्ध महिला की मौत। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह शौच के लिए गई हुई बुजुर्ग महिला की पास के पोखर में पैर फिसलने के कारण डूबने से मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला बड़का सिंझुआ गांव के रहने वाले राजेंद्र प्रजापति की मां बिगना देवी जिनकी उम्र लगभग 80 वर्ष बताई जा रही हैं । घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा परिजनों को दी गई। साथ ही मौके पर रामगढ़ पुलिस द्वारा पहुंच कर शव कब्जे में लिया गया,तथा आगे की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया।

## ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन युवा टीम और महिला टीम का गठन

आरा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आरा रेलवे स्टेशन परिसर मे संपन्न हुई! जिसमे मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री साथी एसएनपी श्रीवास्तव शामिल हुए और उनके साथ केंद्रीय उपाध्यक्ष बीपी यादव, मृदुला कुमारी शाखा बक्सर द्वारा युवा टीम और महिला टीम का गठन महामंत्री कॉम एसएनपी श्रीवास्तव के हाथों हुआ! युवा टीम के अध्यक्ष बिनोद यादव और शाखामंत्री अनुराग कुमार बने व महिला टीम की कमान खुशबु कुमार और पूनम सिन्हा के हाथों दिया गया! युवा टीम मे रवि भूषण, दिवेंदु पांडेय, बिट्टु वर्मा,शोभनाथ यादव, दीपक राय, गौतम राय, इरफान खान, प्रमोद कुमार, विद्या बिलाश पांडेय , ललन पासवान, एवममहिला टीम मे खुशबु कुमारी, पुनम सिन्हा, सरिता देवी मंजु देवी, अर्चना कुमारी, आरती कुमारी, शिल्पी कुमारी, सीमा, ममता कुमारी, बसंती देवी थी! इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखामंत्री नीरज कुमार सिंह, अजय कुमार, आर के सिंह, अशोक मिश्रा, अशोक पांडेय, एस पी त्रिपाठी, संजय कुमार, बिंध्याचाल शर्मा,बी के सिंह, एस बी राय, मनोज मिश्रा, संजीत कुमार, राजेश कुमार, के साथ सैकड़ो रेलवे कर्मी उपस्थित थे!

# ग्राम सभा में सर्वे व चकबंदी के नक्शे पर होती रही घमासान

प्रात: किरण संवाददाता



उदवंतनगर। प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरा पंचायत के कोहड़ा गांव में विशेष बिहार व सर्वेक्षण को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण जनता, जनप्रतिनिधि के साथ-साथ कानूनगो प्रिया कुमारी तथा अमीन श्रीकांत राज सहित अन्य उपस्थित थे। ग्राम सभा में सर्वे व चकबंदी के नक्शे पर घमाशान चलता रहा ।रैयत जानना चाहते थे कि वर्तमान में चल रहे सर्वे कार्य मे में चकबंदी या सर्वे, कौन सा नक्शा मान्य होगा। कानूनगो प्रिया कुमारी ने बताया कि भले ही कोहड़ा में चक फाइनल हो गया है लेकिन सर्वे कर्मियों को पुराने सर्वे का ही नक्शा मुहैया कराया गया है ।कई भूधारियों ने अपनी जमीन के खतियान में अलग रकबा और नक्शा में अलग होने का मामला उठाया। रैयतों ने कहा कि जमीन विवाद के अधिकांश मामले इसी कारण से हैं। ग्राम सभा में पहुंचे विशेष सर्वेक्षण अमीन श्रीकांत राज ने विशेष सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर उपस्थित सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी गौरव मौर्य ने बताया कि नए सर्वेक्षण तकनीकी और प्रौद्योगिकी आधारित होगा जो बिल्कुल पारदर्शी होगा। इसके आधार पर नया खतियान तैयार किया जाएगा ।उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि इस सर्वेक्षण में आप सबों से सहयोग की अपेक्षा रखता हूं। उन्होंने घोषणा प्रपत्र दो और वंशावली प्रपत्र 3 ए से संबंधित जानकारी भी दिया।।

**ग्राम सभा में रैयतों ने पूछे सवाल :** बिहार विशेष सर्वेक्षण के तहत गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर विशेष सर्वेक्षण से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। लेकिन रैयतों के मन में सर्वेक्षण को लेकर कई सवाल अभी भी उठ रहे हैं। सर्वे टीम को क्या-क्या दस्तावेज दिखाने होंगे, कौन सा फॉर्म कब भरना होगा, कौन-कौन से कागजातों की जरूरत होगी, कौन कौन से कागजात तैयार करने होंगे, स्वयं घोषणा पत्र जमा करने के दौरान किस तरह का पेपर सक्षम पदाधिकारी और कर्मी के पास प्रस्तुत करने होंगे, सर्वे या चकबंदी में कौन सा नक्शा मान्य होगा, जैसे कई सवाल हैं जिसे लेकर रैयत काफी चिंतित हैं ।सर्वे की चर्चा गांव की गलियों से लेकर चौक चौराहों ,चाय की दुकानों तथा विभिन्न कार्यालय में हो रही है। वैसे सर्वे टीम द्वारा सभी को जानकारी दी जा रही है।

# बच्चों को आयरनयुक्त गोली व सिरप सेवन कराने में दिया जा रहा बल: डीआईओ

## खाने में आयरनयुक्त आहार लेने के लिए किया जा रहा जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम। एनीमिया मुक्त भारत के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। समय समय पर अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा है और बच्चे बच्चियों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोली दी जा रही है।

वही रोहतास जिले में एनीमिया मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को सासाराम सदर अस्पताल के ओपीडी स्थित सभा भवन में जिले के बीसीएम, एमओआईसी, सीडीपीओ, एलएस, बीईओ, बीपीएम एवं बीआरपी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान रोहतास जिले में लक्षित बच्चों को ससमय आईएफए सिरप एवं टैबलेट देने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में दी जाने वाली सिरप एवं टैबलेट डिस्ट्रीब्यूशन में कमी पर भी प्रखंडवार जानकारी ली गई और दवा डिस्ट्रीब्यूशन में तेजी लाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

**जिले में 10 लाख से अधिक बच्चे लक्षित:** अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमित कुमार ने वहां मौजूद सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ आईसीडीएस के कर्मियों को जिले की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। जिन प्रखंड में दवा सेवन कराने में कमी दिखी उसके भी कारणों की जानकारी ली और इसमें तेजी लाने के लिए निर्देश भी दिए। अमित कुमार ने बताया कि रोहतास जिले में 10 लाख से अधिक बच्चे लक्षित किए गए हैं। जिनमें जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 4 लाख 32 हजार 674 है, जबकि 5 से 9 वर्ष तक के बच्चों की संख्या 2 लाख 77 हजार 832 है। वही 10 से 19 वर्ष तक वाले बच्चों की संख्या 3 लाख 36 हजार 886 है। अमित कुमार ने बताया कि एनीमिया को दूर करने के लिए आयरन खुराक के रूप में जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चे को आईएफए का सिरप हफ्ते में दो बार दिया जाना है, जबकि 5 से 9 वर्ष तक के बच्चों एवं बच्चियों को गुलाबी गोली तथा 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों को नीली गोली हफ्ते में एक बार सेवन करवाना है।

**सभी बच्चों को कराया जा सकता है आयरन उक्त दवा सेवन:** जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ आरकेपी साहू ने बताया कि लोगों के शरीर में मौजूद आयरन एक सूक्ष्म पोषक तत्व है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन के निर्माण में सहायक होता है। उन्होंने बताया कि आहार में आयरन की कमी के कारण रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा घट जाती है, जिससे शरीर के विभिन्न अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है जिसे हम लोग एनीमिया के नाम से जानते हैं। एनीमिया शारीरिक और मानसिक क्षमता को प्रभावित करता है। इसलिए इसे दूर करने के लिए बच्चों को शुरू से ही आयरन की खुराक दी जाती है। डॉ आरकेपी साहू ने बताया कि एनीमिया के मुख्य लक्षणों में जल्दी-जल्दी थक जाना व सांस फूलना, पढ़ाई खेल व अन्य कार्यो में मन नहीं लगा, नींद आते रहना, जल्दी-जल्दी बीमार पड़ना, भूख न लगना यह मुख्य लक्षण होते हैं। बच्चों को आहार में पोषक तत्व लेने की सलाह दी जाती है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पुर्व प्रमुख का दुसरी पुण्यतिथि के तहत श्रद्धा-सुमन की गई अर्पित

करगहर।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन के समीप सोमवार को पूर्व प्रमुख स्व. विजेंद्र सिंह यादव की दुसरी पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह व संचालन मोहन पहलवान ने किया। द्वितीय पुर्ण तिथि का शुभारंभ डा0इंदु सिंह ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन धारण किया गया वहीं उपस्थित राजद प्रखंड अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि स्व. विजेन्द्र सिंह मृदुल, मिलनसार व व्यक्तित्व के धनी थे।उनकी त्याग व बलिदान जाया नही जायेगी। स्व. यादव दलितों ,शोषितों गरीब मजदूरों के आवाज थे, जो हर वक्त सदैव साथ रहते थे।वहीं जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि स्व. विजेन्द्र सिंह यादव सदैव गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने अपने राजनीतिक समय में किसी से न डर कर गलत का सदा विरोध किया।जुझारू और निर्भीक जीवन सदैव जीने का प्रयास किये। उनकी शहादत पर हम अपना सच्ची श्रद्धांजलि के साथ श्रद्धा-सुमन अर्पित करते है। विदित हो कि स्व. विजेन्द्र सिंह कि अपराधियों के द्वारा पिछ्ले साल निर्मम हत्या कर दी गई थी।कार्यक्रम के दौरान स्व. विजेन्द्र सिंह यादव के तैल्यचित्र पर आगंतुक अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया।वही प्रथम पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं बारी- बारी से स्व0 सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला।

### भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्ती पर्चा किया गया वितरण

रोहतास (सासाराम) ।जिले के सभी 19 प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों में आज कैंप लगाकर अभियान बसेरा-2 के तहत 2500 से अधिक भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, बीडीओ, सीओ सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में लाभुकों को पर्चा दिया गया।रोहतास एकमात्र जिला है, जहां एक दिन में इतने सारे पर्चे एक साथ बांटे गए हैं।बंदोबस्ती पर्चा मिलने से लाभुकों की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ से जोड़ते हुए लाभुकों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### एफएलएन कीट का वितरण

गडहनी।उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में बुधवार को शिक्षा समिति सचिव प्रियंका देवी के उपस्थिति में एफएलएन कीट का वितरण किया गया।प्रधानाध्यापक ओम नारायण साह द्वारा बताया गया कि इससे पूर्व भी कीट का वितरण किया गया था।आज एक से चार क्लाश के वैसे छात्र छात्राओं को जो आधार कार्ड से वंचित थे और बिना आधार कार्ड के विवरणी ई-शिक्षा कोष पर अपलोड हो गया है उन सभी बच्चों के बीच शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए एफएलएन किट वितरण किया गया।मौके पर वरीय शिक्षक तसउवर हुसैन, शिक्षक अरविंद उपाध्याय, गीता देसाई, विष्णु शंकर, अरविंद मिश्र, राजीव रंजन, प्रकाश, अनिल, प्रभा शंकर, चंदन, सबिता कुमारी, अंशिका कुमारी, रेशमा प्रवीण, शिवानी बरनवाल उपस्थित थी।इस दौरान कीट पाकर छात्र छात्राएं गदगद दिखी।

### बिपिन हाई स्कूल की छात्राओं को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की हुई शुरूआत



बेतिया(घनश्याम)।जिले भर के सरकारी, प्राइवेट स्कुल एवं आँगनबाड़ी केन्द्रो में बच्चों को पेट के कृमि से बचाव हेतु एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई जाती है।जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं डीसीएम राजेश कुमार के देख रेख में बेतिया के बपिन हाई स्कूल की छात्राओं को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत की गईं।मौके पर डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की कृमि से बचाव व शरीर की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अलग अलग डोज के अनुसार दवा का सेवन आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के देख रेख मेंकिया जाता है।वहींजिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम राजेश कुमार ने कहा की छूटे हुए बच्चों के लिए 11 सितंबर को पुनः मॉप-अप दिवस पर एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया की जिले के 1हजार 5 सौ 55 गाँवो में, 03 हजार 4 सौ 42 स्कूलों, 3 हजार 4 सौ 60 आँगनबाड़ी केंद्र, पर 3 हजार 5 सौ 73 आशा, 7 सौ 55 एएनएम के सहयोग से जिले में 24 लाख 45 हजार 180 एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद आर के सिंह जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और योजनाओं के उद्घाटन में शामिल हुए

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा के निवर्तमान सांसद आर के सिंह इन दिनो भोजपुर जिला के भ्रमण मे है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन पूर्व मंत्री ने क्षेत्र का दोरा किया।इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए और आम जनता एवं कार्यकताओं की समस्याओं से अवगत हुए।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आरा परिसदन मे पहुऔचने पर पूर्व मंत्री का एनडीए कार्यकताओं और समर्थकों के द्वारा फूलमाला, अंगवस्त्र और नारो के साथ भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा नेता जिलापार्षद गंगाधर पांडेय के कतीरा स्थित घर पहुंच कर श्राद्धकर्म मे शामिल हुए और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। न्यूज 18 के पत्रकार चंदन मिश्रा के धोबीघटवा स्थित आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी और नानी के मृत्यु होने पर परिजनों को सांत्वना दिया।

भाजपा के इसाढी. मंडल अध्यक्ष विकास केकौंरा स्थित घर पर पहुंच कर श्राद्धकर्म मे भाग लिया।उसके बाद अगिआँव विधानसभा के करवासीन मे अंशु मुखिया के घर पहुंच कर ग्रामीण जनता से मिले।इस दौरान ग्रामीण जनता द्वारा गाँव की समस्याओं से पूर्व सांसद को अवगत कराया। संदेश प्रखंड के नुरपुर मे हुए तीहरे हत्या की घटना की खबर सुनकर पूर्व मंत्री आर के सिंह पीड़ित परिवार से मिलने नुरपुर पीड़ित के घर पहुंच कर परिवार से मिले और उनसे हत्या की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर पीड़ित परिवार और ग्रामीण जनता के द्वारा दोषी को सजा दिलाने, परिवार को आर्थिक सहायता और नौकरी देने की बात कही गई।उनके बातो कै सुनकर और परिवार की दशा देखकर उन्होने न्याय दिलाने की बात कही और प्रधानमंत्री आवास योजना से घर बनाने एवं परिवार के सदस्य को रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम मे एनडीए के कार्यकर्ता, ग्रामीण जनता ओर समर्थक शामिल थे। विभिन्न जगह पूर्व मंत्री का स्वागत किया गया। उक्त आशय की जानकारी भाजपा मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह ने दिया।

# बिहार की जनता चाहे तो बिहार जरूर बदलेगा : प्रशांत किशोर

प्रात : किरण संवाददाता



आरा।जन सुराज के रणनीतकार प्रशांत किशोर ने कहा कि देश में 10 वर्षों में जिस भी किसी नेता अथवा दलों का हाथ पकड़ा, उसको जीत दर्ज कराई। इस बार बिहार की जनता का हाथ पकड़ा है ताकि बिहार की जनता का भविष्य बदल सके। वह जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर पश्चिम उदवंत नगर प्रखंड के मसाढ हाई स्कूल मैदान में बुधवार को आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे। जन सुराज द्वारा आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि हम वोट मांगने नहीं आए हैं। आपके पास दो-तीन वर्षों पर कोई ना कोई नेता अथवा दल के लोग वोट मांगने आते ही रहते हैं। आपने समय-समय पर कांग्रेस, राजद, जदयू और भाजपा जैसी पार्टियों को वोट भी दिया है लेकिन ना ही आपके बच्चों का भविष्य सुधरा और ना ही बिहार का पिछड़ापन दूर हुआ। प्रशांत किशोर ने सभा में शामिल हर उम्र के पुरुष और महिलाओं से हाथ उठाकर यह संकल्प कराया कि वे सभी लोग अब नेताओं के बच्चों के लिए नहीं बल्कि अपने बच्चों के शिक्षा रोजगार से भविष्य को संवारने के लिए वोट करेंगे। उन्होंने कहा कि आपका भविष्य कोई नेता दल अथवा हम खुद नहीं बदल सकते हैं, इसके लिए बिहार की जनता को आगे आना होगा तभी बिहार बदलेगा।

उन्होंने कहा कि हम मीठा नहीं बोलते हैं आपके गांव में आकर निम जैसा कड़वा बोल रहे हैं ताकि आप सभी राजनीति के सच, बिहार की गरीबी तथा पिछड़ेपन को खत्म करने के लिए सच और बिहार में बदलाव के लिए जन सुराज के जारी अभियान का हिस्सा बने। सभा की अध्यक्षता जन सुराजी राजीव रंजन राज ने की।

# उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित हुए 325 शिक्षक

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के पूर्व संध्या ( शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या ) के अवसर पर होटल मैत्रया इन,बोरिंग रोड,पटना में शिक्षा,खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 325 प्राचार्य,प्राचार्या,शिक्षकों,शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों को भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष -सह- बिहार विधान परिषद में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से शिक्षकों के प्रतिनिधि विधान पार्षद प्रो.(डॉ.) नवल किशोर यादव द्वारा "उत्कृष्ट सेवा सम्मान" से सम्मानित किया गया। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह की शुरूआत बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो.नवल किशोर यादव व विशिष्ट अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो.वीरेन्द्र नारायण यादव,बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की उपाध्यक्ष -सह- प्रवक्ता,भाजपा बिहार प्रदेश,प्रो.सुहेली मेहता, प्रो.मिथिलेश कुमार तिवारी,कार्यकारीअध्यक्ष,पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय शिक्षक संघ,पूर्व प्राचार्य मणिशंकर प्रसाद,पूर्व प्राचार्या कृष्णा सिंह,शांति सिंह,निदेशक, बिहार बॉल बैडमिंटन संघ पवन कुमार केजरीवाल,शिक्षाविद गुरु रहमान ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मान समारोह में शिक्षकों को संबोधित करते हुए उदघाटनकर्ता प्रो.नवल किशोर यादव ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए आइना की तरह हैं। शिक्षक ही हमारे अंदर समाज कल्याण की भावना जागृत करते हैं। सरकारी स्कूल के शिक्षक बेहतर हैं। सहयोग के नाम पर पदाधिकारियों द्वारा अपने पॉवर का दुरुपयोग किया जाना खेदजनक है। सरकार को शिक्षकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। विद्यालय का समय 10 से 4 बजे तक होना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में 900 करोड़ का लूट हुआ है जो जांच का विषय है। भारतीय मान्यताओं के अनुसार शिक्षक का स्थान भगवान से भी ऊंचा माना गया है। क्योंकि शिक्षक ही हमें सही या गलत के मार्ग का चयन करना सीखाते है। शिक्षक को भगवान से भी बड़ा दर्जा दिया गया है। कबीर कहते हैं गुरु गोविंद दोऊ खड़े काको लागू पांव,बलिहारि गुरु आपनो गोविंद दियो बताय। शिक्षक हमेशा सच्चे पथ प्रदर्शक का काम करते हैं। इसलिए हम यह कह सकते है कि शिक्षक अपने शिष्य का सच्चा पथ प्रदर्शक होते हैं। शिक्षक समाज के लिए आदर्श होते हैं। राज्य सरकार रोज नये-नये कानून व मापदंड बनाकर शिक्षकों को तौलने का कार्य कर रही है। सरकार पहले विद्यालय के आधारभूत संरचनाओं को दुरुस्त करें।

विशिष्ट अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य वीरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि शिक्षकों को पढ़ाने से बड़ा कोई काम नहीं। पढ़ाने का सुख अन्य कोई काम मे नहीं।

बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की उपाध्यक्ष-सह-भाजपा प्रवक्ता प्रो.सुहेली मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार विधान परिषद सदस्य प्रो.नवल किशोर यादव द्वारा यह सम्मान समारोह विगत कई वर्षो से लगातार आयोजित किया जा रहा है। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के प्रयास से कार्यक्रम में शिक्षकों के अलावे खेल व समाज सेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले गुरुओं को सम्मानित किया जाना गौरव की बात है। शिक्षक मान-सम्मान के प्यासे होते हैं।

शिक्षाविद गुरु रहमान ने कहा कि शिक्षा पूरी तरह से व्यवसाय हो गया है। शिक्षा क्रय विक्रय की चीज हो गयी है जो छात्र व शिक्षकों के लिए सही नहीं है।

अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के आयोजन सचिव-सह-बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने पुष्प गुच्छ,अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इस अवसर पर बिहार बॉल बैडमिंटन संघ की संयुक्त सचिव मिताली मित्रा,पटना जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ.अरुण दयाल,प्राचार्या डॉ.मुसर्रत जहाँ,डॉ.फैज अहमद,मीना कुमारी,शिव नारायण पाल,संतोष श्रीवास्तव,नेहा रानी सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षिका डॉ.सिंधु कुमारी ने किया।

# भारत विकास परिषद का अन्नपूर्णा रसोई सेवा सोलहवें महीने भी जारी

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। बुधवार को शहर के पोस्ट ऑफिस के समीप भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में अन्नपूर्णा रसोई सेवा के तहत 550 से अधिक लोगों को निःशुल्क भरपेट भोजन कराया गया। सर्वप्रथम माँ अन्नपूर्णा का भोग लगाकर लोगों के बीच भोजन वितरित किया गया परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि परिषद सेवा, सहयोग, समर्पण एवं राष्ट्र सेवा के संस्कार के भाव को आत्मसात कर बीते पंद्रह महीने से सेवा कार्य में लगी हुई है। गौरतलब है कि परिषद द्वारा 4 मई 2023 को प्रारंभ अन्नपूर्णा रसोई सेवा के माध्यम से आज सोलहवें महीने की चार तारीख को समाज के गरीब, असहाय, जरूरत मंद, दैनिक मजदूर, रिक्शा, ठेला एवं टेंपो चालक के बीच निःशुल्क भरपेट भोजन वितरित किया गया। परिषद ने बताया कि आज की रसोई सेवा परिषद के वरीय सदस्य के के सहयोग से संपन्न हुआ है। परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह ने अपील की परिषद के इस मुहिम में सहयोग कर सेवा भाव दे सकते हैं। इन जरूरतमंदों के चेहरे की मुस्कान बन सकते हैं। परिषद के कला एवं संस्कृति संयोजक अजय कुमार ने कहा कि परिषद द्वारा वितरित प्रत्येक महीने के भोजन के मेनू में कुछ फेर बदल कर भोजन परोसा जा रहा है, जिससे लोग पूरे चाव से भोजन ग्रहण कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा देने वालों में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, नरेश मित्तल, अजय मस्करा, ध्रुव सर्राफ, भगवती सर्राफ, विष्णु मस्करा, अजय कुमार, सुरेश धनोठिया समेत के कई सदस्यों का नाम उल्लेखनीय रहा। इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# स्टार्टअप जोन के उद्यमियों से रूबरू हुए जिलाधिकारी




बेतिया( घनश्याम )। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ स्टार्टअप जोन चनपटिया पहुँच उद्यमियों द्वारा किये जा रहे कार्यों का जाना और उनके समक्ष आ रही परेशानियों को समझा और उसका निराकरण करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

इस अवसर पर उद्यमियों द्वारा स्टार्टअप जोन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्यमियों ने जिलाधिकारी सहित तमाम अधिकारियों का बुके प्रदान कर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित कामगारों और व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोग आप लोगों को सुनने आए हैं। विभिन्न विभागों से आपलोगों को जोड़ा जाएगा।जिससे कि आप लोगों के काम को गति मिलेगी।बिना सहयोग के किसी परिणाम तक पहुँचना संभव नहीं है। किसी निश्चित परिणाम तक पहुँचने के लिये बैंकर, उद्योग विभाग, स्थानीय प्रशासन, सहित कई विभागों का सहयोग जरूरी हो जाता है। जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय ने कामगारों की समस्या को बहुत ही संजीदगी के साथ सुना और उन्होंने कहां कि जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेना ठीक नहीं है। उचित समय लेकर समस्या की जड़ में जाकर निर्णय लिया जाएगा। किसी भी तरह के स्थानीय समस्या पानी-बिजली, सप्लाई, विधि-व्यवस्था से जुड़ी हो तो आपलोग बोले यहाँ बैठे अधिकारी इसका तुरंत समाधान करेंगे। हर समस्या का हल हम लोग मिलकर कर सकते है। सभी के सकारात्मक सहयोग से हल निकाला जा सकता है।

अभिभावक की भूमिका में जिलाधिकारी ने कहा कि कमाई का एक हिस्सा आप लोगों को भविष्य के लिए बचाकर रखना चाहिए। ध्यान देने वाली बात यह है कि आप लोगों में से कुछ तो बहुत अच्छा कर रहे हैं और कुछ अभी संघर्ष की स्थिति में है। अपनी सीमाओं को जानना जरूरी है। अपनी सीमाओं का ज्ञान हमें विपरीत परिस्थितियों से बचाता है। कार्यक्रम में फिरोज कैशर, रानी रत्न,मृत्युंजय शर्मा, लिसो इंडिया, आमिल हुसैन, सूफिया गार्मेंट्स, ओम प्रकाश पटेल, सुदामा पटेल, नंद किशोर कुशवाहा, आनंद कुमार, स्टील फैक्टरी सहित अन्य उद्यमियों ने अपनी अपनी बात कही।

चनपटिया स्टार्टअप के कामगार और व्यापारियों के दल ने जिलाधिकारी के सामने कई तरह की समस्याओं का ज़िक्र किया। जिसमें पूंजी का अभाव, बाजार से जुड़ने में समस्या, बैंकों से लोन मिलने में दिक़्कत आदि शामिल है।

कामगारों की तमाम समस्याओं को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय समस्या और बाजार की कमी आपलोगों की मुख्य समस्या है जिसका हल जिला प्रशासन गंभीरतापूर्वक करेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह सहित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पीएचईडी, स्थानीय बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे।

# जहां भी रहेंगे, भोजपुरीवासियों से जुड़कर रहेंगे : डी डी सी



आरा। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री विक्रम वीरकर का जिला परिषद भोजपुर के तरफ से भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन विद्या भवन सभागार आरा में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी ने किया व संचालन उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह ने किया । अध्यक्षीय संबोधन में जिला परिषद अध्यक्ष आशा देवी ने कहा कि मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में विक्रम वीरकर का जिला परिषद के योजनाओं को जनहित में पटरी पर लाना अविस्मरणीय योगदान रहा है ।

वहीं उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों से समन्वय बनाकर उप विकास संयुक्त विक्रम वीरकर का भोजपुर जिले के विकास के लिए लंबी लकीर खींची जिसकी यादें हमेशा रहेगी । विदाई समारोह के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त विक्रम विरकर ने कहा कि आरा के लोगों से जुड़कर यहां कार्य करना मेरे जीवन के लिए अनोखा पल हैं , जहां भी अपने सेवाकाल में रहेंगे भोजपुरीवासियों से जुड़कर रहेंगे । भोजपुरी की मिठास ने मुझे व्यक्तिगत रूप से आरावासी के रूप में बनाकर रख लिया है उन्होंने आरा की प्रसिद्ध लोकोक्ति को भोजपुरी में कहा "आरा जिला घर बा तक कवना बात के डर बा " का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां भी सेवा करने का मौका मिलेगा मैं अपना परिचय अब आरावासी होने के रूप में दूंगा ।

वहीं जिला पार्षद भीम यादव ने कहा कि उप विकास आयुक्त विक्रम विरकर से मिलते ही ऊर्जा का संचार होता है उन्होंने जिला परिषद के संपत्तियों को सुरक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों से नीतिगत निर्णय लेते हुए ऐतिहासिक कार्य किये और जिला परिषद को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए अमिट छाप छोड़ी जिसका जिला परिषद भोजपुर हमेशा याद करेगा।

# भारत विकास परिषद का अन्नपूर्णा रसोई सेवा सोलहवें महीने भी जारी

रक्सौल। बुधवार को शहर के पोस्ट ऑफिस के समीप भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में अन्नपूर्णा रसोई सेवा के तहत 550 से अधिक लोगों को निःशुल्क भरपेट भोजन कराया गया। सर्वप्रथम माँ अन्नपूर्णा का भोग लगाकर लोगों के बीच भोजन वितरित किया गया परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि परिषद सेवा, सहयोग, समर्पण एवं राष्ट्र सेवा के संस्कार के भाव को आत्मसात कर बीते पंद्रह महीने से सेवा कार्य में लगी हुई है। गौरतलब है कि परिषद द्वारा 4 मई 2023 को प्रारंभ अन्नपूर्णा रसोई सेवा के माध्यम से आज सोलहवें महीने की चार तारीख को समाज के गरीब, असहाय, जरूरत मंद, दैनिक मजदूर, रिक्शा, ठेला एवं टेंपो चालक के बीच निःशुल्क भरपेट भोजन वितरित किया गया।

बिहार सरकार

निदेशक (मुख्य अभियन्ता) का कार्यालय,
जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना ।

अ0को0आ0सू0सं0–वाल्मी/सम्पोषण–101/2021–05/वाल्मी, पटना,

अल्पाकलीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना स्थित संस्थान भवन, किसान भवन एवं छात्रावास में ''दीमक रोधी उपचार'' कार्य के लिए दिनांक 12.09.2024 से 19.09.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक दो लिफाफा पद्धति में योग्य कोटेशनदाताओं से कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। आमंत्रित कोटेशन की विस्तृत विवरणी वाल्मी सूचना पट्ट, वेबसाईट www.wrd.bih.nic.in एवं **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

PR- 007489 (W R D ) 2024-25

भूसम्पदा–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
वाल्मी, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–19 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 17.09..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 18.09..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.09..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Campus Development Work (Pathway PCC etc.) in Residence No.- 12 at Bailey Road, Patna (Occupied by Hon'ble Minister), Patna for the year 2024-25. | 12.95 | 25,900=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2. | Renovation of Wardrobe, Durashine Sheet & Wood Work in Residence No.- 16A Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 10.97 | 22,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 007448 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

निदेशक (मुख्य अभियन्ता) का कार्यालय,
जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना ।

अ0का0को0आ0सू0 सं0–.वाल्मी / संपोषण–122 / 2022–06 / वाल्मी, पटना,

अल्पकालीन पुर्नकोटेशन आमंत्रण सूचना

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– भूसम्पदा–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना ।
2. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–12.09.2024 को अपराहन् 3.00 बजे तक ।
3. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–12.09.2024 को अपराहन् 3:30 बजे ।
4. कोटेशन प्राप्ति का स्थान :– जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना ।
5. कार्य का नाम :– H.P., DELL आदि कम्पनी द्वारा निर्मित 21 अदद Desktop computer एवं 02 अदद Laptop (सभी सहायक उपकरण सहित) के वार्षिक सम्पोषण (A.M.C.) कार्य (एक वर्ष के लिए)।


| Sl. No. | Description of Items | Location | Quantity | Unit Rate with all taxes | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| **(A) Desktop :-** | | | | | |
| 1 | HP L1706 | Institute Building | 16 Nos. | | |
| 2 | HP Pavillion 31.5 inch | Institute Building | 1 No. | | |
| 3 | DELL E2422HN | Institute Building | 1 No. | | |
| 4 | DELL Inspiron 7700 AIO Series | Institute Building | 1 No. | | |
| 5 | DELL Inspiron 5400 AIO Series | Institute Building | 1 No. | | |
| 6 | DELL OptiPlex 3050 | Institute Building | 1 No. | | |
| **(B) CPU :-** | | | | | |
| 1 | HP DX 5150 MT CPU | Institute Building | 16 Nos. | | |
| 2 | DELL Inspiron | Institute Building | 1 No. | | |
| 3 | DELL OptiPlex 3050 | Institute Building | 1 No. | | |
| **(C) UPS :-** | | | | | |
| 1 | Liebert ITON 600 | Institute Building | 18 Nos. | | |
| 2 | Liebert ITONCX 600 | Institute Building | 2 Nos. | | |
| 3 | Liebert ITONBX 600 | Institute Building | 1 No. | | |
| **(D) Printer :-** | | | | | |
| 1 | HP Laserjet 1020 | Institute Building | 4 Nos. | | |
| 2 | HP Smart Tank 750 wifi | Institute Building | 1 No. | | |
| 3 | HP Ink Tank Wireless 419 | Institute Building | 1 No. | | |
| 4 | HP Laserjet M1005 MFP | Institute Building | 2 Nos. | | |
| 5 | HP Laserjet Tank MFP 1005 | Institute Building | 1 No. | | |
| 6 | HP Never stop MFP 1200W | Institute Building | 1 No. | | |
| 7 | HP Laserjet Pro MFP M427fdw | Institute Building | 1 No. | | |
| **(E) Laptop :-** | | | | | |
| 1 | DELL LAPTOP INS -55501/Ci 7/ 8GB/10 12 GB SSD/2GBGR | Institute Building | 2 Nos. | | |

कोटेशन की शर्तें :–
1. वार्षिक संपोषण में दिये जाने वाले Computer आदि की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय अवधि में कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जा सकता है।
2. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.wrd.bih.nic.in एवं **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है तथा दूरभाष सं0– 0612–2452204 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

PR- 007488 ( W R D ) 2024-25

(नन्दन कुमार)
भूसम्पदा–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
वाल्मी, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।




## संक्षिप्त समाचार

### राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 में आएंगे नजर, इस टीम के मुख्य कोच बनेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनने जा रहे हैं। जून में बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद ब्रेक लेने वाले द्रविड़ इस साल के आखिर में होने वाली नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन जैसे अहम मसलों पर काम करना शुरू करेंगे। एक सूत्र ने बताया, 'बातचीत आखिरी चरण में है और वह जल्दी ही मुख्य कोच का पद संभालेंगे। पिछले तीन साल से रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक पद पर काबिज कुमार संगकारा इस भूमिका में बने रहेंगे। द्रविड़ 2012 और 2013 में रॉयल्स के कप्तान थे और दो साल मेंटोर भी रहे। इसके बाद वह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े और बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख रहे। द्रविड़ 2021 में एनसीए से निकलकर रवि शास्त्री की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने। इस बीच ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार द्रविड़ के कार्यकाल में भारत के बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ रॉयल्स के सहायक कोच बन सकते हैं।

### विश्व चैंपियन सचिन ने पैरा ओलंपिक में जीता सिल्वर पदक




**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने बुधवार को यहां चल रहे खेलों में पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में 16.32 मीटर की एशियाई रिकॉर्ड दूरी के साथ अपने पैरालिंपिक रजत को विश्व खिताब में जोड़ा। 34 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे प्रयास में दिन का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो हासिल किया और 16.30 मीटर के अपने पहले के एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने मई में जापान में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतते हुए बनाया था।

कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के थ्रो के साथ अपने टोक्यो पैरालिंपिक स्वर्ण का बचाव किया। क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने 16.27 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। खिलाड़ी का रजत मौजूदा खेलों में पैरा-एथलेटिक्स से 11वां पदक है। उन्होंने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। एफ46 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनकी भुजाओं में कमजोरी है, मांसपेशियों की शक्ति क्षीण है या भुजाओं में निष्क्रिय गति की सीमा क्षीण है, तथा एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## दलीप ट्रॉफी 2024

# लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले ऋषभ पंत पर होगी नजरें

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ए से होगा।

सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन यह चार दिवसीय टूर्नामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है। पंत को टीम बी का



विशेषज्ञ विकेटकीपर नियुक्त किया गया है जिससे पता चलता है कि भारत के टेस्ट क्रिकेट में आगे व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस विकेटकीपर बल्लेबाज की वापसी को लेकर कितनी गंभीर है।

चयन समिति के लिए हालांकि विकेटकीपर का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि कुछ अन्य मजबूत दावेदार भी हैं। इनमें टीम ए की तरफ से खेलने वाले ध्रुव जुरेल भी शामिल है जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उनके अलावा ईशान किशन भी हैं जो श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम डी के विकेटकीपर हैं। टीम डी का मुकाबला अनंतपुर में टीम सी से होगा जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है।

चयन समिति इसके अलावा विशेषकर तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के विकल्प तलाशने पर भी ध्यान देगी क्योंकि भारतीय टीम का आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है। सिराज अस्वस्थ होने के कारण टूर्नामेंट के पहले दौर में नहीं खेल पाएंगे जबकि शमी अभी ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। ऐसे में चयनकर्ता बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आकाशदीप पर पैनी नजर रखेंगे। इनके अलावा अर्शदीप सिंह, अवेश खान, खलील अहमद, विदवथ कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार और हर्षित राणा भी चयन समिति को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं :

- **भारत ए** – शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, विदवथ कावेरप्पा , कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।
- **भारत बी** – अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी (फिटनेस के आधार पर), वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन।
- **भारत सी** – रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल, संदीप वारियर।
- **भारत डी** – श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत, सौरभ कुमार।
- **मैच का सुबह**–9.30 बजे से।

# युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह ने युवा क्रिकेटर अभिषेक शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए एक विशेष वीडियो साझा किया। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो सर अभिषेक, उम्मीद है कि आप इस साल जितने सिंगल्स लेंगे, उतने ही आप पार्क से बाहर भी मारेंगे। कड़ी मेहनत करते रहें! ढेर सारा प्यार और आने वाले बेहतरीन साल के लिए शुभकामनाएं!



वीडियो में युवराज अभिषेक को प्रशिक्षण देते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसमें युवा क्रिकेटर के प्रभावशाली कौशल को दिखाया गया है। वह आत्मविश्वास के साथ स्पिनरों का सामना कर रहे हैं और उन्हें मैदान के सभी हिस्सों में मार रहे हैं। वीडियो में युवराज द्वारा अभिषेक को दी गई सलाह को दर्शाया गया है, जिससे उन्हें अपनी तकनीक को निखारने और एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने में मदद मिली है।

युवराज का संदेश और अभिषेक के जन्मदिन पर प्रशिक्षण वीडियो दोनों खिलाड़ियों के बीच के बंधन को दर्शाता है और युवराज द्वारा उभरते सितारे में देखी गई संभावनाओं को रेखांकित करता है। अभिषेक शर्मा ने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में शतक बनाया था और अपने क्रिकेट करियर में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। अपने टी20 करियर की खराब शुरुआत को झेलने के बाद अभिषेक ने बल्ले से अपना असली रंग दिखाया। अपने डेब्यू मैच में चार गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने वापसी की और दूसरे टी20 मैच में तेज शतक बनाया।

# रोहित शर्मा ने फैसला कर लिया, आईपीएल 2025 में इस टीम से खेलेंगे 'हिटमैन'!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले एक खिलाड़ी जो सबसे ज्यादा चर्चा में है. ये कोई और नहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है पिछले सीजन में हुआ कप्तानी विवाद. हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा के बीच जो कुछ हुआ, उसके बाद फैंस ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि रोहित शर्मा इस बार मुंबई इंडियंस में ही रहेंगे या किसी और टीम की ओर रुख करेंगे. पिछले



सीजन से ही ऐसी कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं कि रोहित मुंबई को छोड़कर दूसरी टीम का दामन थाम लेंगे. हालांकि, अब उन्हें लेकर एक नया दावा किया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रेंचाइजी के साथ उनका सारा विवाद सुलझ गया है. नीता अंबानी की फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व कप्तान को रिटेन करने पर मुहर लगा दी है ।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# बाबर आजम पांच साल में पहली बार शीर्ष 10 से बाहर

पी5

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ लगातार असफलताओं के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। दिसंबर 2019 के बाद पहली बार बाबर शीर्ष 10 से बाहर हुए हैं, जब वे 13वें स्थान पर थे। बाबर की गिरावट के बाद शीर्ष 10 में पाकिस्तान के एकमात्र बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में संपन्न दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बाबर आजम चार पारियों में सिर्फ 64 रन बना पाए। घरेलू मैदान पर 2-0 से करारी हार के बाद पाकिस्तान आईसीसी की नई टेस्ट रैंकिंग में 8वें स्थान पर खिसक गया। पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में बाबर का संघर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने दिसंबर 2022 के बाद से कोई शतक नहीं बनाया है और लाल गेंद के प्रारूप में अपनी पिछली 16 पारियों में एक भी अर्धशतक दर्ज करने में विफल रहे हैं।

29 वर्षीय खिलाड़ी की खराब फॉर्म ने पाकिस्तान के घरेलू प्रदर्शन को प्रतिबिंबित किया है, जिसमें टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 10 विकेट से हार गई, जो टाइगर्स के खिलाफ उनकी पहली टेस्ट हार थी। दूसरे टेस्ट मैच में, पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 26/6 पर झकझोर दिया, लेकिन मौके का फायदा उठाने में असमर्थ रहे




जिससे बांग्लादेश ने मैच पर नियंत्रण कर लिया।

बल्लेबाजी चार्ट में इंग्लैंड के जो रूट का दबदबा कायम है। रूट के 922 रैंकिंग पॉइंट हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन से 63 ज्यादा हैं। रूट के पास अपना खुद का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है जो जुलाई 2022 में भारत के खिलाफ एजबेस्टन में शतक लगाने के बाद हासिल की गई 923 रेटिंग से सिर्फ एक अंक दूर है। श्रीलंका के खिलाफ रूट शानदार फॉर्म में हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की प्रत्येक पारी में दो शतकों के साथ रूट ने टेस्ट में सबसे ज़्यादा शतकों का नया ऑल-टाइम इंग्लैंड रिकॉर्ड बनाते हुए एलेस्टेयर कुक को पीछे छोड़ दिया। रूट ने अपने अंकों की संख्या 34 तक पहुंचाई।

न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक शीर्ष 5 में शामिल हैं। रोहित शर्मा छठे स्थान पर शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं, उनके बाद यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली क्रमशः 7वें और 8वें स्थान पर हैं। तीनों भारतीय बल्लेबाजों के पास 19 सितंबर से घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में अपने रेटिंग अंक बढ़ाने का मौका है।

### आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग - 4 सितंबर तक

1. जो रूट - 922 रेटिंग अंक
2. केन विलियमसन - 859
3. डेरिल मिशेल - 768
4. स्टीव स्मिथ - 757
5. हैरी ब्रूक - 753
6. रोहित शर्मा - 751
7. यशस्वी जायसवाल - 740
8. विराट कोहली - 737
9. उस्मान ख्वाजा - 728
10. मोहम्मद रिजवान - 720

# बांग्लादेश से हार पड़ी भारी

## 1965 के बाद पहली बार सबसे निचले स्तर पर पहुंची पाकिस्तान टेस्ट टीम

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के हाथों पहली बार टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर खिसक गया और उसकी रेटिंग 1965 के बाद पहली बार अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। पाकिस्तान पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट से और दूसरे मैच में छह विकेट से हार गया था। यह दोनों मैच रावलपिंडी में खेले गए थे। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, 'बांग्लादेश के हाथों अपने घरेलू मैदान पर श्रृंखला में करारी हार झेलने के बाद



पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दो स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गया है।

वेबसाइट के अनुसार, 'पाकिस्तान की टीम श्रृंखला से पहले छठे स्थान पर थी लेकिन लगातार हार के कारण वह वेस्टइंडीज से नीचे आठवें स्थान पर पहुंच गई है। उसके 76 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान 1965 के बाद पहली बार इतने कम रेटिंग अंकों पर पहुंचा है। बांग्लादेश 13 रेटिंग अंक हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान से पीछे नौवें स्थान पर बना हुआ है। श्रृंखला में 2-0 से जीत के बाद हालांकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में उसको फायदा हुआ है और वह भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश अब दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा जिसका पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

# पैराओलंपिक-2024 : ऊंची कूद स्पर्धा में शरद का लगातार दूसरा पदक, मरियप्पन ने रचा इतिहास

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता।

यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गए है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे 18 फुटबॉल स्टेडियम और 827 फुटबॉल मैदान

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के 18 कमिश्नरेट में 18 फुटबॉल स्टेडियम बनाने की योजना की घोषणा की है। इस खूबसूरत खेल को और बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्याप्त फुटबॉल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में हर ब्लॉक में 827 फुटबॉल मैदान भी तैयार किए जाएंगे जिससे अधिक टूर्नामेंटों की मेजबानी को बढ़ावा मिलेगा।



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने लखनऊ में डर्बी मैच से पहले मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कहा, 8 अगस्त को मुझे आपसे (यूपी के सीएम) मिलने का सौभाग्य मिला। फुटबॉल के प्रति आपके प्यार और समर्पण को महसूस करने के बाद, मैंने आपसे एक अनुरोध किया। मैंने कहा कि अगर डर्बी जैसा मैच लखनऊ में खेला जाता है, तो यह यूपी में फुटबॉल के विकास में मदद करेगा। लेकिन मैच की मेजबानी के लिए एक अच्छा स्टेडियम होना एक समस्या हो सकती है। लेकिन मुझे आश्चर्य हुआ कि यूपी सरकार ने इस बड़े अवसर के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम का जीर्णोद्धार करने में केवल 19 दिन लगाए। यह लखनऊ शहर के हर फुटबॉल प्रेमी के लिए बहुत खुशी की बात है।

सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने लखनऊ में अपनी पहली कोलकाता डर्बी की मेजबानी की, जो ऐतिहासिक थी क्योंकि मोहन बागान सुपर जायंट ने पेनल्टी पर ईस्ट बंगाल एफसी को 1(3)-1(2) से हराया। स्टेडियम में जनता को संबोधित करते हुए यूपी के सीएम ने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि यह प्रतिष्ठित मैच पहली बार हमारे राज्य की राजधानी लखनऊ में खेला जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित खेलो इंडिया पहल भारत में खेलों का एक प्रमुख चालक रही है और उनके विजन से प्रेरित होकर, यूपी ने खुद को इस मिशन के साथ जोड़ लिया है।

उन्होंने कहा, जब मैं तीन सप्ताह पहले श्री चौबे से मिला था तो उन्होंने उत्तर प्रदेश में फुटबॉल को लोकप्रिय बनाने के लिए एक मंच की इच्छा जताई थी और कहा था कि अगर खेल को सरकार का समर्थन मिले तो इस प्रक्रिया को तेज किया जा सकता है।

# अजीत ने भाला फेंक स्पर्धा में रजत और सुंदर ने जीता कांस्य पदक



**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट अजीत सिंह ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की भाला फेंक एफ46 वर्ग की स्पर्धा में रजत पदक और हमवतन सुंदर सिंह गुर्जर ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुए मुकाबले में अजीत सिंह ने 65.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के दौरान सुंदर सिंह गुर्जर 64.96 मीटर के अपने चौथे थ्रो के बाद दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अजीत सिंह ने वापसी करते 65.62 मीटर का थ्रो करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के बाद अजीत ने कहा, 'मैंने टोक्यो (2020) में पैरालंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, इसलिए इस बार मैंने पदक पर ध्यान केंद्रित किया उसके रंग के पदक पर नहीं। उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान स्वर्ण पर नहीं था, मैं बस कोई भी पदक जीतना चाहता था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले वर्ष विश्व चैंपियन था, लेकिन इस साल कोबे में विश्व चैंपियनशिप में मुझे केवल कांस्य पदक मिला। मैं उस समय अच्छी स्थिति में नहीं था, क्योंकि मेरा ध्यान पेरिस (2024) के लिए तैयार होने पर था। उन्होंने कहा, 'तो इस एक रजत पदक का मतलब सबकुछ है। अभी भी सुधार की गुंजाइश है, लेकिन यहां मैं एक पदक जीतना चाहता था और रजत पदक बहुत अच्छा है।

**संक्षिप्त समाचार**

## भाजपा सरकार में आप नेता का प्रमोशन! नौकरी छोड़ने के 9 साल बाद हेड कांस्टेबल बनाए जाने का दावा



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेता गोपाल इटालिया ने दावा किया है कि नौकरी छोड़ने के सालों बाद गुजरात पुलिस में उनका प्रमोशन कर दिया गया है। गोपाल इटालिया ने अहमदाबाद पुलिस की ओर से जारी कुछ दस्तावेजों को एक्स पर साझा करते हुए दावा किया कि प्रमोट किए गए पुलिसकर्मियों में उनका नाम भी शामिल है। उन्होंने इसको लेकर गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी पर तंज भी कसा।

गोपाल इटालिया ने एक्स पर लिखा, 'मैंने वर्ष-2015 में गुजरात पुलिस से इस्तीफा दे दिया था। मैं 8वीं पास गृह मंत्री हर्ष सांघवी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस वर्ष कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल की पदोन्नति सूची में मेरा नाम नंबर-726 पर शामिल करके मुझे हेड कांस्टेबल बना दिया।' अहमदाबाद पुलिस की ओर से अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। राजनीति में आने से पहले इटालिया गुजरात पुलिस में काम कर चुके हैं। वह लोकरक्षक दल के जवान थे और कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी की थी। 2015 में गुजरात के पाटीदार आंदोलन का अहम चेहरा रहे गोपाल इटालिया ने गुजरात में राजस्व क्लर्क के रूप में भी कॉन्ट्रैक्ट पर काम किया। 2017 में इटालिया ने गुजरात के मंत्री प्रदीप सिंह जडेजा पर विधानसभा के बाहर जूता उछाल दिया था। इसके बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था। इटालिया 2020 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और जल्द ही पार्टी का चेहरा बन गए।

## स्वीपर बनने को ही लगी होड़; 46 हजार ग्रेजुएट और पीजी डिग्री धारी भी रेस में उतरे



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में बेरोजगारी किस कदर हावी है इसकी ताजा बानगी सफाई कर्मचारी की भर्ती में देखने को मिली है। महज 15 हजार रुपये की सैलरी वाले हरियाणा कौशल रोजगार निगम में संविदा सफाई कर्मचारी पदों के लिए 46,000 से अधिक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने आवेदन किया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के आकड़ों के अनुसार, छह अगस्त से दो सितंबर के बीच लगभग 39,990 स्नातक और 6,112 से अधिक स्नातकोत्तर उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अलावा 12वीं पास 1,17,144 लोगों ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एचकेआरएन पूल के माध्यम से सरकारी विभाग, बोर्ड और निगमों में नियुक्त एक संविदा सफाई कर्मचारी को लगभग 15,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस पद के लिए आवेदन करने में किसी भी प्रकार की गलतफहमी की संभावना नहीं है। नौकरी के विवरण में स्पष्ट रूप से कार्य की प्रकृति को दर्शाया गया है। एचकेआरएन वेबसाइट पर आवेदन करते समय उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र देना होता है, जिसमें वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्होंने नौकरी का विवरण ध्यान से पढ़ा है।

# कांग्रेस झूठ पर जिंदा है, कांग्रेस के नेता जनता के लिए नहीं, एक परिवार के लिए वफादार : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
नीलोखेड़ी की तरावड़ी अनाज मंडी में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही झूठ बोलना है। झूठ बोलकर ये जनता के वोट लेते हैं और फिर जनता का शोषण करते हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ पर जिंदा है। कांग्रेस पार्टी और इसके नेता सिर्फ एक परिवार के लिए वफादार हैं, ये लोग देश और जनता के लिए कभी भी वफादार नहीं हो सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ हुए गठबंधन ने कांग्रेस की पोल खोल कर रख दी है। कांग्रेस ने वहां आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कही है, इसे मेनिफेस्टो में भी दर्ज किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है, लगभग 10 प्रतिशत सैनिक हरियाणा से हैं। ये जवान अपनी जान की बाजी लगाकर आतंकवादियों से लोहा लेते हैं और कांग्रेस उन्हीं आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं राहुल गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहता हूं कि क्या देश के जवान को एक तरफ रखकर वे आतंकवादियों को सम्मान देने के पक्षधर हैं। हरियाणा के सैनिक जवान कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगे। जन आशीर्वाद रैली में जुटी हजारों की भीड़ देखकर नायब सैनी गदगद हो गए और उत्साहित नजर आए। नायब सैनी ने कहा कि यहां आए हजारों लोगों के हुजूम ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार नीलोखेड़ी से एक कमल खिलकर चंडीगढ़ जा रहा है। रैली में पहुंची मातृशक्ति ने मोहर लगा दी है कि नीलोखेड़ी से कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास न कहने को कुछ है न बोलने को। जब कुछ नहीं बचा तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे हिसाब मांगों यात्रा लेकर निकल पड़े। नायब सैनी ने शायराना अंदाज में कांगेस पर कटाक्ष किया कि 'दिल में कसक है, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं, जिनके खुद के खाते खराब हैं, वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं'। रैली में पूर्व विधायक



भगवान दास कबीरपंथी, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, अलीगढ़ के सांसद और करनाल प्रभारी सतीश गौतम, जिला प्रभारी भारत भूषण, मीना चौहान, गुरमेश गोंदर, स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र, हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के सदस्य रहे अमरनाथ सौदा, नगर निगम चेरयमैन रेनू बाला, कृष्ण गर्ग, राजबीर शर्मा, शिवनाथ कपूर, प्रवीण गुप्ता, महिपाल राणा, नरेश बंसल, संजय राणा, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे। 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम तो हर साल जनता के बीच में जाकर हिसाब देते हैं, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं, वे भी अपना हिसाब दें। जनता को बताएं कि किस तरह कांग्रेस के राज में दलितों की बस्तियों को फूंका गया, दलितों को पलायन के लिए क्यों मजबूर किया गया। किसानों की जमीन क्यों दामाद को खुश करने के लिए लूटी गई, किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई, पेंशन 500 रुपये से ज्यादा क्यों नहीं बढ़ाई गई। नायब सिंह नै कहा कि ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब न तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास है और न ही पूरी कांग्रेस पार्टी के पास। हरियाणा की जनता कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कभी माफ नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में बुजुर्ग पेंशन बनवाने के लिए धक्के खाते थे, पेंशन बन भी जाती थी तो अधिकारियों को खर्ची देनी पड़ती थी। हुड्डा बताएं कि कितनी पेंशन अपने कार्यकाल में बनवाई। कर्मचारियों के ट्रांसफर में भ्रष्टाचार होता था, आज एक बटन से कर्मचारी ट्रांसफर ले सकते हैं, हमने लाखों लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए। चिरायु योजना चलाकर गरीब लोगों का इलाज करवाने की मुफ्त सुविधा दी। लेकिन कांग्रेस के शासन में ऐसी कोई योजना नहीं थी।



## बदलापुर की घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री क्यों चुप हैं : संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को बदलापुर यौन शोषण मामले को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बदलापुर की घटना पर विपक्ष तो बात कर रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री और गृह मंत्री इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। संजय राउत ने कहा, बदलापुर के जिस स्कूल में यह घटना हुई है, उस संस्था के प्रमुख भी इन्हीं के हैं। एक कोतवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। स्कूल से सीसीटीवी फुटेज किसने गायब किया क्या सिर्फ एक सिपाही को बचाने के लिए या उसके पीछे के रहस्यों को छुपाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

उन्होंने बंगाल की घटना का जिक्र करते हए कहा, ममता दीदी के खिलाफ भाजपा ने एक आंदोलन किया। अस्पताल में जो दुर्घटना हुई है, उसके बाद पुलिस एक्शन में आई और उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार किया। अब वहां की सरकार ने आरोपी को सजा दिलाने के लिए एक कानून भी बनाया है। लेकिन, भाजपा ने 15 दिनों तक पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई। वहां हिंसा हुई और इसका जिम्मेदार कौन है। संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र की बात करें तो बदलापुर की घटना के बाद पूरा महाराष्ट्र सड़कों पर उतरा था, लेकिन कोर्ट के माध्यम से उस आंदोलन पर रोक लगाई गई।

## जम्मू-कश्मीर जमात-ए-इस्लामी ने आधिकारिक तौर पर किया निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन

**श्रीनगर, एजेंसी।** जमात-ए-इस्लामी संगठन ने अपनी नीतियों में एक बड़े बदलाव के तहत मंगलवार को 37 साल बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हुए एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपना समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा की। जमात ने 1987 में अंतिम बार मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट (एमयूएफ) के बैनर तले समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करके विधानसभा चुनाव लड़ा था। उसके बाद से जमात ने जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बहिष्कार किया है। इस बीच 1989 में राज्य अलगाववादी हिंसा की चपेट में आ गया था। शोपियां जिले के जैनपोरा विधानसभा क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार एजाज अहमद मीर को अपना समर्थन दिया है। जमात के वरिष्ठ सदस्य शमीम अहमद थोकर ने कुछ पत्रकारों को बताया कि संगठन ने आधिकारिक तौर पर जैनपोरा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र उम्मीदवार एजाज अहमद मीर को समर्थन दिया है। जमात का फैसला धार्मिक-राजनीतिक संगठन की नीति में एक बड़ा बदलाव दर्शाता है।

# ममता सरकार के खिलाफ बंगाली कलाकारों का आक्रोश, अब शुरू हुआ अवॉर्ड लौटाने का सिलसिला

**कोलकाता, एजेंसी।**
कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या का ममाला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के खिलाफ गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि बंगाली मनोरंजन जगत के प्रमुख कलाकार अपने-अपने अवॉर्ड लौटाने लगे हैं। इस मामले को लेकर बंगाल में सियासी माहौल गरमा गया है। इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दिया है। आम हो या खास कई लोग डॉक्टरों के साथ मिलकर सड़कों पर उतर आए हैं। अब बंगाली फिल्म और थियेटर के कलाकार भी इस विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। सुदीप्त चक्रवर्ती, चंदन सेन और बिप्लब बनर्जी जैसे मझे हुए कलाकारों ने राज्य सरकार से मिले अवॉर्ड को वापस करना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि सरकार ने जनता की भावनाओं और न्याय की मांग को नजरअंदाज किया है, जिससे वे बेहद आहत हैं।

ममता सरकार के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन पर टीएमसी विधायक कंचन मलिक ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जो कलाकार







राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें राज्य सरकार से मिले सम्मान को वापस कर देना चाहिए। कंचन मलिक के इस बयान के बाद बंगाली कलाकारों का गुस्सा फूटा है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री सुदीप्तो चक्रवर्ती ने स्पेशल फिल्म अवार्ड लौटाने का फैसला किया है। अपने इस फैसले को लेकर उन्होंने कहा, मैंने कभी किसी से समझौता नहीं किया और न ही करूंगी। जब विधायक ने कहा कि जो लोग सड़कों पर उतर रहे हैं, उन्हें अपने अवॉर्ड वापस कर देने चाहिए, तो मैंने फौरन ये फैसला कर लिया। सुदीप्तो ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा, मैं सड़क पर खड़ी रहूंगी और न्याय की मांग करती रहूंगी - कानूनी और सामाजिक, दोनों रूपों में। वहीं मशहूर नाटककार चंदन सेन ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक कंचन मलिक के बयान से आहत होकर दीनबंधु मित्र पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया है। 2017 में थिएटर के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस पुरस्कार को प्राप्त कर चुके चंदन सेन ने कहा कि उनके पिता सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थे और वे डॉक्टरों के दर्द को अच्छी तरह से समझते हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अवॉर्ड लौटाने का निर्णय लिया। इसके बाद अभिनेता-निर्देशक बिप्लब बनर्जी ने भी अपना नाट्य अकादमी पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया है। बिप्लब ने भी कहा कि कंचन मलिक के बयान ने उन्हें गहराई से चोट पहुंचाई है, और इसलिए वे 30 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के साथ-साथ पुरस्कार भी वापस कर रहे हैं।

# पत्नी का 72 लोगों से करवाया रेप, अजनबियों को भर्ती करता था पति; इतना नशा दिया की पता ही नहीं चला

**एविग्नन , एजेंसी।**
एक व्यक्ति 10 साल तक अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ देकर उसका बलात्कार करने के लिए अजनबियों को बुलाता रहा। इस मामले ने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। दरअसल, ये मामला फ्रांस के दक्षिणी शहर एविग्नन का है। जिन लोगों से उसने बलात्कार करवाया, उनकी भर्ती उसने ऑनलाइन की थी। आरोपी पति के साथ उन पचास लोगों पर भी मुकदमा चल रहा है, जिन्होंने महिला का बलात्कार किया। मुख्य संदिग्ध फ्रांस की सरकारी बिजली उपयोगिता कंपनी इडीएफ का 71 वर्षीय पूर्व कर्मचारी है। पुलिस ने बताया कि 72 लोगों ने कुल 92 बार महिला से बलात्कार किया था। इन आरोपियों में से 51 की पहचान हो चुकी है। 26 से 74 वर्ष की आयु के इन पुरुषों पर 72 वर्षीय महिला का बलात्कार करने का आरोप है।

महिला के वकीलों का कहना है कि महिला को इतना अधिक नशीला पदार्थ दिया गया था कि उसे इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि उसके साथ एक दशक तक दुष्कर्म होता रहा।



महिला ने केस के प्रचार की मांग की

केस की सुनवाई करते हुए पीठासीन न्यायाधीश रोजर अराता ने घोषणा की कि सभी सुनवाई सार्वजनिक होंगी, जिससे महिला की इच्छा पूरी हो जाएगी कि वह अदालती मामले की कार्यवाही का प्रचार हो। दरअसल, महिला अपने साथ हुई घटना के बारे में जागरूकता फैलाना चाहती है, ताकि ऐसी घटनाएं फिर कभी न हों। पुलिस ने कहा कि उन्हें आरोपी पति के कंप्यूटर पर उसकी पत्नी की सैकड़ों तस्वीरें और वीडियो मिले, जो स्पष्ट रूप से बेहोशी की स्थिति में थीं। यह दुर्व्यवहार 2011 में शुरू हुआ था, जब यह जोड़ा पेरिस के पास रह रहा था और दो साल बाद माजान में चले जाने के बाद भी जारी रहा। आरोपी बलात्कारियों में एक फोर्कलिफ्ट ड्राइवर, एक फायर ब्रिगेड अधिकारी, एक कंपनी का बॉस और एक पत्रकार शामिल हैं।

## फिलाडेल्फिया गलियारा जिसे छोड़ने को तैयार नहीं थे बेंजामिन नेतन्याहू, अचानक ढीले पड़े तेवर

**येरुशलम, एजेंसी।** बीते दिनों गाजा की सुरंग में मिले इजरायली बंधकों की लाशों पर एक बार फिर इजरायल और हमास आतंकियों में ठन गई है। युद्धविराम पर संकट पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका पूरी कोशिश में है कि वह दोनों के बीच समझौता करा ले। उधर, इजरायल में भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं और नेतन्याहू का जमकर विरोध हो रहा है। बंधकों की रिहाई, गाजा से आईडीएफ की वापसी के अलावा हमास और इजरायल के बीच डील में फिलाडेल्फिया गलियारा भी बहुत महत्वपूर्ण है। हमास चाहता है कि इजरायली सेना इसे छोड़ दे, जबकि बेंजामिन नेतन्याहू इस बात पर अड़े रहे कि वे किसी भी कीमत पर इसे नहीं स्वीकारेंगे। इस बीच नेतन्याहू के तेवर ढीले पड़ गए हैं। उन्होंने फिलाडेल्फिया गलियारा से सेना को वापस बुलाने का आश्वासन दिया है। इसके पीछे की वजह क्या है? और फिलाडेल्फिया गलियारा इजरायल और हमास दोनों के लिए कितना महत्वपूर्ण है? इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में संघर्ष विराम समझौते के लिए बनाए जा रहे दबाव का प्रतिरोध करने की बात कही है। अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में सोमवार को नेतन्याहू ने कहा कि वह फिलाडेल्फिया गलियारा पर इजराइली नियंत्रण की मांग पर जोर देना जारी रखेंगे। हालांकि मंगलवार को उनके तेवर ढीले हो गए और उन्होंने आश्वासन दिया है कि युद्धविराम के दूसरे चरण में उनकी सेना फिलाडेल्फिया गलियारा से सैनिकों की वापसी सुनिश्चित करेंगे लेकिन, मिस्र नेतन्याहू के इस वादे को संदेह की नजर से देखता है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर फिलाडेल्फिया गलियारे के संबंध में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की टिप्पणियों सही प्रतीत नहीं होती हैं। फिलाडेल्फिया गलियारा मिस्र-गाजा सीमा पर स्थित है। बयान में कहा गया है, काहिरा इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों को खारिज करता है और क्षेत्र में बढ़ते तनाव के लिए उन्हें जिम्मेदार मानता है।

# पाकिस्तानी पायलट ने कार की तरह साफ की विमान की विंड स्क्रीन

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
घाटे से जूझ रही पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइन के पायलट ने उड़ान भरने पहले अपने विमान की विंड स्क्रीन साफ की। कार और ट्रक की तरह विमान की एक खिड़की से आगे निकलकर पायलट विमान का शीशा साफ करता दिखा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसे लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान-सऊदी अरब के जेहाद के बीच चलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ान एयरबस ए 330-200 में यह घटना हुई। इसमें पायलट आगे का नजारा साफ देखने के लिए खुद ही विमान की विंड स्क्रीन साफ करता नजर आया। इसका वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा कारणों को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आईं। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति का मजाक उड़ाया। एक यूजर ने एक्स पर लिखा कि लगता है पायलट पहले कैब का ड्राइवर रहा है। वहीं एक अन्य यूजर ने यात्रियों की सुरक्षा की प्रार्थना की।



बता दें कि पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस बीते दो साल से घाटे से जूझ रही है। पिछली कई सरकारों ने पीआईए को बेचने की कोशिश की, मगर राजनीतिक कारणों से ऐसा नहीं हो सका। क्योंकि विपक्षी दलों ने हजारों एयरलाइन कर्मचारियों के बेरोजगार होने को बड़ा मुद्दा बनाया। अब कार्यवाहक सरकार ने इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश की। मगर चुनाव आयोग ने फैसले पर रोक लगा दी।

पाकिस्तान सरकार का कहना है कि पीआईए से जुड़ी कुल संपत्तियों की लागत 171.43 अरब रुपये है। निजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीआईए की संपत्तियों और ऋण को इसके अधिकार वाली कंपनी और अधिग्रहण करने वाली नई कंपनी के बीच बांट दिया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार पीआईए पर सरकार का कुल 161 अरब रुपये और निजी बैंकों का 267 अरब रुपये बकाया है। यह बकाया पीआईए की अधिकार वाली कंपनी को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। आगे बताया गया है कि पीआईए की कुल 171.43 अरब की संपत्ति में से 146.57 अरब रुपये नए संस्थान को हस्तांतरित किए जाएंगे। इसके अलावा 24.86 अरब रुपये की संपत्ति इसकी आधिकारिक कंपनी के पास रहेगी।

## यूपी की शहजादी को दुबई में होगी फांसी! माता-पिता के नहीं थम रहे आंसू

**दुबई , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा की बेटी को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में फांसी होने वाली है। लड़की दुबई की जेल में बंद है। लड़की के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पिता के मुताबिक दुबई से उसके पास फोन आया है। इसमें बताया कि आपकी बेटी जेल में है। उसे 20 सितंबर के बाद किसी भी वक्त फांसी हो सकती है। दुबई में फंसी बांदा की इस लड़की का नाम शहजादी है।

मात-पिता का कहना है कि उनकी बेटी बेकसूर है। उन्होंने सरकार से बेटी को वापस देश लाने की गुहार लगाई है। आठ साल की उम्र में खाना बनाते वक्त शहजादी का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया था। वह रोटी बैंक में काम करती थी। इसी बीच फेसबुक के जरिए उसका संपर्क आगरा के रहने वाले उजैर से हुआ। शहजादी उसके प्रेम जाल में फंस गई। इसके बाद उसने शहजादी को आगरा बुला लिया। माता-पिता के मुताबिक उजैर ने शहजादी से कहा कि उसके चेहरे का इलाज दुबई में हो जाएगा। इसी झांसे में उसने शहजादी का सौदा दुबई में रहने वाले फैज और नादिया दंपति से कर दिया। यहां शहजादी घरेलू काम करती थी। कई बार उसे उत्पीड़न का भी सामना किया। शहजादी के माता-पिता के मुताबिक दुबई में फैज दंपति का बच्चा बीमार था। इंजेक्शन लगने के बाद उसकी मौत हो गई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129